दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 169 जयपुर, बुधवार, 29 मई, 2024 I ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**मुख्यमंत्री ने पंजाब के जालंधर में BJP प्रत्याशी सुशील कुमार रिंकू के समर्थन में राजस्थानी प्रवासी सम्मेलन को किया संबोधित**

# कांग्रेस की वजह से पंजाब ने झेला आतंकवाद का दंश: भजनलाल

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुशासन और कांग्रेस की भ्रष्टाचार की राजनीति ने पंजाब में ड्रग्स माफिया को पनपाने, अशांति पैदा करने और युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का महापाप किया है। शर्मा मंगलवार को पंजाब के जालंधर में बीजेपी प्रत्याशी सुशील कुमार रिंकू के समर्थन में आयोजित राजस्थानी प्रवासी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

शर्मा ने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राजनीति में आए थे। मगर खुद तो भ्रष्टाचार में डूब ही गए, साथ ही कांग्रेस से भी हाथ मिला लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं जबकि हरियाणा और पंजाब में नूरा-कुश्ती कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण, सीमा-सुरक्षा, आर्थिक विकास और देश को आतंकवाद एवं नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में परिवर्तनकारी निर्णय लिए गए हैं। आतंकवाद की ऐसी कमर तोड़ी गई है कि सभी आतंकवादी भूमिगत हो गए हैं, जबकि वर्ष 2014 से पहले आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड, हर जगह बम विस्फोट होते थे।



### कांग्रेस ने देश को दिया भ्रष्टाचार का दंश और परिवारवाद का अभिशाप

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने देश को भ्रष्टाचार का दंश और परिवारवाद का अभिशाप दिया है। कांग्रेस की सरकारों ने गरीब और किसानों को लूटने का काम किया है, लेकिन आज गरीब का पैसा गरीब के पास पूरी ईमानदारी से पहुंच रहा है। मोदी ने सभी गरीबों के खाते खुलवाए हैं जो पहले बैंक की चौखट पर जाने की सोच भी नहीं सकते थे। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुर्नस्थापित करने का अभूतपूर्व काम किया है। करतारपुरा कॉरिडोर, बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, केदारनाथ व बद्रीनाथ मंदिर के विकास कार्य और अयोध्या में राममंदिर के निर्माण से भारतीय संस्कृति का गौरव विश्वभर में फैला है।

### प्रवासी राजस्थानियों की बदौलत भाजपा इस बार चार सौ का आंकड़ा करेगी पार

सीएम शर्मा ने कहा कि देश के सभी हिस्सों में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों की बदौलत भाजपा इस बार चार सौ का आंकड़ा पार करेगी और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुओं की भूमि पंजाब की प्रगति में राजस्थानियों का अहम योगदान हैं। ये लोग कई पीढ़ियों पहले राजस्थान से पंजाब आए और आज पंजाब में हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित प्रवासी राजस्थानियों से बीजेपी प्रत्याशी सुशील कुमार रिंकू के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया।

### बोरिंग में गिरे 5 साल के मासूम को निकाला सकुशल... सीएम ने टीम को दी बधाई

**अलवर।** जिले के लक्ष्मण कस्बे में कनवाड़ा मोड़ के पास मंगलवार को 40 फीट गहरी बोरिंग में गिरे 5 साल के मासूम को सकुशल निकाल लिया। ढाई घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए टीम को मुख्यमंत्री ने मुबारकबाद दी है। सीएम शर्मा ने अपने ट्वीट में लिखा विश्वास, संघर्ष और अटल इच्छाशक्ति को नमन.....अलवर स्थित लक्ष्मणगढ़ में बोरिंग की झिरे में गिरे बच्चे को रेस्क्यू टीम द्वारा सफलतापूर्वक सुरक्षित बाहर निकाला जाना अत्यंत सुखद समाचार है। चिकित्सकों को बच्चे के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## जरूरी खबर

### आरबीएसई का 10वीं का परीक्षा परिणाम आज



**जयुपर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) की ओर से 10वीं का रिजल्ट बुधवार शाम पांच बजे घोषित किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा परिणाम जारी करेंगे। इस बार दसवीं में 10 लाख 62 हजार 341 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड हुए थे। परीक्षा 7 से 30 मार्च के बीच हुई थी। पिछले साल 10वीं का रिजल्ट 90.49 प्रतिशत रहा था। यह रिजल्ट परीक्षा समाप्ति के 50 दिन बाद जारी किया गया। इस साल लोकसभा चुनाव के कारण देरी हुई और रिजल्ट करीब 60 दिन बाद जारी होगा। इसके साथ ही प्रवेशिका का रिजल्ट भी जारी होगा। इसमें 7 हजार 63 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड हैं। इससे पहले, 20 मई को राजस्थान बोर्ड ने एक साथ 12वीं साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट घोषित किया था। दैनिक भास्कर ऐप पर पहले ही बता दिया था कि पहला रिजल्ट 20 मई को और इस माह के अंत तक सभी रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे।

### लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 63.37% मतदान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में हुए मतदान के आखिरी आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, छठे चरण में कुल मिलाकर 63.37% मतदान दर्ज किया गया। इसमें 61.95 फीसदी पुरुष, 64.95 फीसदी महिला और 18.67 फीसदी थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। चुनाव आयोग ने छठे चरण में 11.13 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग हुई। इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी था।

**मौसम विभाग का अलर्ट**

**अगले 48 घंटे रहेगा भीषण गर्मी का दौर**

# नौतपा बरपा रहा कहर चूरू में पारा 50° के पार

बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर

उत्तर भारत के राज्यों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। चूरू में जहां तापमान 50 डिग्री के ऊपर पहुंच गया, वहीं दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 49 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। दिल्ली के नजफगढ़ का तापमान 49.8 डिग्री रहा। राजधानी के मुंगेशपुर इलाके में तापमान 49.9 डिग्री, पालम में 47 डिग्री और सफदरजंग में तापमान 45.8 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी ने यहां 100 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

राजस्थान में गर्मी ने नए रिकॉर्ड बना दिए। चूरू में अधिकतम तापमान 50.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। हालांकि चूरू में 2019 में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 50.8 डिग्री दर्ज किया जा चुका है, वहीं पिलानी में अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 49 डिग्री पहुंच गया। इससे पहले 2 मई, 1999 को पिलानी में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 48.6 डिग्री रहा था। राजधानी जयपुर में भी इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। मंगलवार को यहां का अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा प्रदेश के चार जिलों गंगानगर, पिलानी, फलोदी और करौली का तापमान 49 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया, जबकि 6 जिलों हनुमानगढ़, बीकानेर, धौलपुर, फतेहपुर, कोटा और जैसलमेर का तापमान 48 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। भीषण गर्मी ने लोगों को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लोगों का घरों के बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। भीषण गर्मी के आगे घरों में कूलर और एसी जवाब देने लगे हैं।

### जयपुर में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

राजधानी जयपुर में इस साल गर्मी अपना ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। जयपुर शहर का अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। पिछले 10 साल में यह दूसरी बार सर्वाधिक तापमान है। इससे पहले 16 मई, 2016 को जयपुर का तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। केवल दिन का तापमान ही नहीं बल्कि रात्रि का तापमान भी रिकॉर्ड पर है। सोमवार रात्रि का तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यानी जयपुर की रातें भी गर्म हैं।







### हीटवेव की चपेट में आए छात्र की मौत

जयपुर में हीटवेव की चपेट में आए एक छात्र की मौत हो गई। 22 साल का युवक कपिल जयपुर में परीक्षा देने आया था। एग्जाम देकर कॉलेज से बाहर निकलते वक्त बेहोश हो गया। इसके बाद जयपुरिया हॉस्पिटल के डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा जयपुर में अलग-अलग जगह तीन लोगों की तबीयत बिगड़ गई। तीनों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें कल्याण जी का रास्ता निवासी लालचंद वर्मा, नाडी का फाटक निवासी विनोद और कालवाड़ रोड निवासी श्याम सिंह शामिल हैं। इधर, तेज गर्मी से राहत के लिए प्रशासन ने जगह-जगह स्मोक गन की मदद से पानी की फुहार छोड़ी गई। वहीं, मौसम विभाग ने भी अगले 48 घंटे के लिए जयपुर में तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

**नौतपा से बचने के लिए अनूठा अनुष्ठान:** नौतपा के प्रचंड कहर से निजात पाने के लिए जयपुर के पंडितों ने अनूठा यज्ञ कर सूर्यदेव से तीखे तेवर नरम करने की प्रार्थना की। ज्योतिष परिषद व शोध संस्थान निदेशक ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया नौतपा के चलते सूर्य नारायण देवता की प्रचंड गर्मी के कारण चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है, इसलिए प्रजन्य यज्ञ की उदात्त धाराओं से इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए ग्यारह विद्वान वैदिक ब्राह्मणों ने अनूठा अनुष्ठान किया। इसके लिए पंडितों ने बर्फ के ठंडे पानी में बैठकर पर्जन्य यज्ञ करते हुए उदात्त धाराओं से इंद्र भगवान से बरसात की कामना की।



**31 मई को मिल सकती है राहत:** जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 48 घंटे तक प्रदेश के ज्यादातर जिलों में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। इसके बाद 30 और 31 मई के बीच प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। उस दौरान धूल भरी आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर तक भी पहुंच सकती है।

**जयपुर: 4 मसाला व्यापारियों के ठिकानों पर रेड**

# 36 हजार किलो से ज्यादा पिसे हुए मसाले किए सीज

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मिलावट रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने मंगलवार को जयपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने जयपुर में 4 मसाला व्यापारियों के ठिकानों पर रेड डाली। इस दौरान टीम ने 36 हजार किलो से ज्यादा पिसे हुए मसाले को सीज किया। इनके सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवा दिए। फूड डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि आम जनता द्वारा लगातार मिलावटी मसाले को लेकर शिकायतें आ रही थी। इसके आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए जयपुर के छोटी चौपड़ स्थित अमित एंटरप्राइजेज से 7 हजार 350



किलोग्राम मिर्च पाउडर, एसके फूड्स रोड नंबर 14 वीकेआई से 15 हजार किलोग्राम मिर्च पाउडर और 2375 किलोग्राम हल्दी और धनिया पाउडर, एसएल फूड्स मुरलीपुरा से 8450 किलोग्राम मिर्च पाउडर, 230 किलोग्राम हल्दी पाउडर और 600 किलोग्राम धनिया पाउडर सीज किया है। ओझा ने बताया कि एसएल फूड्स द्वारा मसाले पिसवा कर बिना लेबल खुले मसाले बेचकर सरकारी नियमों की भी अनदेखी की जा रही थी। जो पूरी तरह से गैर कानूनी है। इसके खिलाफ जल्द ही नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में फूड डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ऊर्जा के साथ रतन गोदारा, नरेश तिजारा, पवन गुप्ता और नरेश शर्मा के साथ फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

**मिजोरम: भारी बारिश के बाद हुआ लैंडस्लाइड**

# खदान धंसने से 21 लोगों की मौत

एजेंसी | आइजोल

मिजोरम के आइजोल जिले में मंगलवार को चक्रवात रेमल के कारण हुई लगातार बारिश से एक पत्थर की खदान धंस गई। इस हादसे में दो नाबालिगों समेत 21 लोगों की मौत हो गई. जबकि सात अन्य लापता बताए जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आइजोल जिले में मेलथुम और हिलीमेन के बीच खदान स्थल से अब तक 21 शव बरामद किए जा चुके हैं। कई अन्य अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। आपदा प्रबंधन कर्मी, पुलिस और स्थानीय लोग रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हुए हैं।



आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण बचाव अभियान प्रभावित हो रहा है। पीड़ितों में से सात स्थानीय हैं, जबकि बाकी राज्य के बाहर के हैं। हादसे के शिकार लोगों में एक नाबालिग लड़का और लड़की भी शामिल हैं, जबकि दो लोगों को जिंदा बचा लिया गया।

कई अन्य जिलों में भी बारिश के कारण भूस्खलन की खबरें आईं। भूस्खलन से विभिन्न जगहों पर दो लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य लापता हो गए। जिलों के बीच वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है।

पहाड़ी राज्य की लाइफलाइन नेशनल हाईवे-6 पर कई भूस्खलनों के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया। भूस्खलन और भारी बारिश के कारण कई इमारतें, मकान, सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए।

**पुलिस का नवाचार**

# बॉर्डर के 5 जिलों के विद्यार्थियों के साथ 'खाकी' खेलेगी 'खेल'

- वर्ष 2023 में हुई डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में तय हुई सिफारिशों को पहनाया जा रहा अमली जामा
- जैसलमेर जिले ने शुरू की तैयारी, बढ़ेगी आमजन की भागीदारी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बॉर्डर के पांच जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और सांचौर के गांवों के छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस वर्दी में उनके साथ 'खेल' खेलेगी। इसके लिए अलग अलग प्रतियोगिता होगी। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी पांचों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी किए गए हैं। इस संबंध में वर्ष 2023 में हुए डीजीपी आईजीपी कॉन्फ्रेंस में कम्यूनिटी सिफारिशें जारी की गई थीं। उस आधार पर पुलिस मुख्यालय ने पांचों जिलों के एसपी को पत्र लिखा है। इस संबंध में आदेश जारी होने के बाद जैसलमेर पुलिस ने प्रतियोगिता शुरू कर दी है। पुलिस की सक्रियता में आमजन की भागीदारी बढ़ेगी।




### डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में जारी हुई थी ये सिफारिशें

**पहली सिफारिश** वाइब्रेंट विलेजेज में स्थित इन पुलिस थानों का इन दूरदराज के सीमावर्ती गांवों में बसी आबादी के साथ बेहतर रूप से जुड़ाव होना चाहिए। सीमावर्ती पुलिस थाने में आने वाले समूहों में ग्राम रक्षक, सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्र के चयन में प्राथमिकता देकर उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर उनसे संवाद स्थापित कर हौसला बढ़ाएं।

**दूसरी सिफारिश** जिले के सीमावर्ती पुलिस थानों में युवा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं भाग लें और पुलिस कार्मिक भी वर्दी में शामिल हों। सीमावर्ती जिलों के स्कूलों में वार्षिक उत्सव के इस दौरान युवा खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन में स्थानीय थाने के पुलिसकर्मी भी गहभागी बने।

**तीसरी सिफारिश** जिले में सीमावर्ती पुलिस थानों के क्षेत्र में स्थानीय स्वयं सेवक समूहों की ओर से राष्ट्रवाद की भावना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए सीमावर्ती स्थानीय अल्पसंख्यक समुदाय में राष्ट्रीय भावना के विकास के लिए प्रसिद्ध अल्पसंख्यक वर्ग के खिलाड़ी आदर्श (रोल मॉडल) के रूप में प्रस्तुत करें। यानी अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले खेल नायकों को उनके समुदाय के युवाओं के सामने प्रेरणा स्रोत के तोर पर दिखाया जाएगा।

### करेंगे समीक्षा

"भारत सरकार की ओर से राज्य सरकार की कम्यूनिटी पुलिसिंग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल में डीजीपी आईजीपी कॉन्फ्रेंस में महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई। राजस्थान के पांच सीमावर्ती करके इन सभी सिफारिशों को सक्रिय रूप में क्रियान्वित करने के लिए निर्देशित किए गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद निरीक्षण किया जाना है।

**पंकज चौधरी,** पुलिस अधीक्षक

## जरूरी खबर

### सीएम भजनलाल 31 मई को लेंगे समीक्षा बैठक



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 31 मई को सुबह 11 बजे शासन सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न विभागों से संबंधित बिंदुओं को लेकर समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में संबंधित विभागों के एसीएस या सचिव के साथ-साथ वीसी से संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर तथा बिजली-पानी व अन्य अधिकारी भाग लेंगे। बैठक के एजेंडें ई-फाइल, संपर्क पोर्टल, जल संरक्षण, पौधारोपण कार्यों के अलावा जिला प्रभारी सचिवों से संबंधित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

### अच्छे कामों से भ्रष्टाचारियों के पेट में दर्द: दिलावर

**जयपुर।** राजस्थान में बिजली-पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इस बीच पक्ष-विपक्ष में जुबानी जंग शुरू हो गई है, जिसमें गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी सरकार को निकम्मी पर्ची की सरकार बताया। इस पर पलटवार करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने को चली है। भ्रष्टाचारी हमें सिखा रहे हैं कि कैसे काम करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार पूरी तरह प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए काम कर रही है। इससे भ्रष्टाचारियों के पेट में दर्द हो रहा है। भर्ती परीक्षाओं में पेपर बेच कर युवाओं के सपनों को चकना चूर करने वाले लोग किस मुंह से भाजपा सरकार पर टीका-टिप्पणी कर रहे है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति बीजेपी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। खनन माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है।

### दिल्ली-बांदीकुई रेल सेवा की अवधि में विस्तार



**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली-बांदीकुई-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि (30 ट्रिप) का विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04499/04469, दिल्ली-बांदीकुई-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा दिल्ली से 1.जून से 30 जून तक बांदीकुई से 2.6.24 से 01.07.24 (30 ट्रिप) तक संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा के बयान पर किया पलटवार

# कांग्रेस के बिजली बैंकिंग समझौते का दंश झेल रहा प्रदेश

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता आज बिजली आपूर्ति पर अनर्गल बयानबाज़ी कर तथ्य छिपा रहे हैं।

पिछली कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री गहलोत ने दूसरे राज्यों से बैंकिंग समझौता कर बिजली ली थी। इस समझौते के चलते आज इस भीषण गर्मी में भाजपा सरकार को 147 लाख यूनिट बिजली प्रतिदिन दूसरे राज्यों को लौटानी पड़ रही है। कांग्रेस सरकार में बिजली उत्पादन करने वाले



हाइड्रो और थर्मल पावर प्लांट की दुर्दशा हुई। प्रदेश के 10 थर्मल व हाइडल प्लांट और 3 अन्य पॉवर प्लांट जिनकी कैपेसिटी 8597.35 मेगावाट बिजली उत्पादन की है, लेकिन कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के चलते यह उत्पादन घटकर महज 3500 से 4000 मेगावाट पर आ गया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में उनकी ही सरकार के एक मंत्री अशोक चांदना को बिजली की मांग को लेकर बूंदी कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गए थे। कांग्रेस पार्टी को उनकी सरकार के समय बिजली की बदतर स्थिति को याद रखना चाहिए।

### भाजपा ने जनता के संकट को समझा

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार ने आते ही इस जनता के संकट को समझा और केंद्र की ऊर्जा कंपनियों के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ का एमओयू साईन किया। इससे कि प्रदेश की जनता को भविष्य में बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़े। एक अच्छी मंशा के साथ भाजपा की मजबूत सरकार ने काम करना शुरू किया है। सरकार का सहयोग करने की बजाय कांग्रेस पार्टी के लोग राजनीति कर रहे हैं, जो कि बेहद निंदनीय है।

### सरकार कर रही पूरे प्रयास

भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते डिमांड सप्लाई के बीच जो गैप पैदा हुआ है, इसको सुधारने के लिए प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार पूरे प्रयास कर रही है। पिछली कांग्रेस सरकार के समय सितंबर माह में कम विद्युत डिमांड होने के बाद भी प्रदेश में बिजली संकट के चलते ब्लैक आऊट जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। वहीं अकेले जयपुर डिस्कॉम के करीब 12 जिलों में पांच हजार से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता बिजली के नाम पर घटिया राजनीति कर वाहवाही बंटोरना चाहते हैं।



### मतगणना को लेकर कांग्रेस की बैठक

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सेन्ट्रल वॉर रूम पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली तथा लोकसभा चुनाव-2024 में मतगणना के लिए सभी लोकसभा क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों एवं कार्यकर्ताओं को दी जा रहे प्रशिक्षण का फीडबैक लिया तथा प्रत्याशियों एवं मतगणना में भाग लेने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## दो अधिकारियों को जारी किए कारण बताओ नोटिस

# नॉन परफॉर्मिंग कर्मचारियों को दी जाएगी अनिवार्य सेवानिवृत्ति

बेधड़क | जयपुर

सरकार की योजनाओं और आमजन के हित को पूरा करने में यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी लापरवाही बरतेंगे, तो उन्हें कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। ये कहना है स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत का।

मंगलवार को अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए टी रविकांत ने लापरवाही बरतने पर नगर परिषद तिजारा और फतेहपुर के अधिशाषी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। साथ ही कहा कि यदि कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ, तो सख्त कार्रवाई होगी। नॉन परफार्मिंग कार्मिकों को चार्जशीट और नियमानुसार अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लंबित प्रकरण, ई-फाईलिंग और राजस्व अर्जन को लेकर मंगलवार को स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने सभी निकायों के अधिकारियों से लंबित प्रकरणों के निस्तारण और साफ-सफाई से जुड़े कार्यों की प्रगति जानी। इस दौरान लापरवाही पर फटकार भी लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑनलाइन सेवाओं से आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयुक्त-ईओ भीड़ वाली जगहों, जैसे गेम जोन, अस्पताल, शॉपिंग मॉल, कोचिंग सेंटर्स का निरीक्षण और मॉनिटरिंग करें। इसके लिए आगामी तीन दिनों में अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने के लिए टीमें गठित करें।




### 15 जून से पहले पूरी हों तैयारियां

टी रविकांत ने आदेश दिए कि वर्षा ऋतु को देखते हुए 15 जून से पहले सभी नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जल संग्रहण के प्रभावी उपाय भी किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी हर दिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण करें। वार्डवार प्रभारी अधिकारी नियुक्त करें और कार्यालय से ज्यादा फील्ड में नजर आएं। प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द पौधे लगाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही समय से पहले पौधे लगाने का टारगेट पूरा किया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विभाग की ओर से भी अहम योगदान दिया जा सके।

### लापरवाही पर लगाई फटकार

स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने सभी निकायों के अधिकारियों से बारी-बारी से लंबित प्रकरणों के निस्तारण, ई-फाईलिंग, राजस्व अर्जन और साफ सफाई से जुड़े कार्यों की प्रगति जानी और लापरवाही पर फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सेवाओं से आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयुक्त-ई.ओ. भीड़ वाली जगहों जैसे गेम जोन्स, अस्पताल, शॉपिंग माल्स व कोचिंग सेंटर्स का निरीक्षण और मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिनों में अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने के लिए टीमें गठित करें और इस पूरे काम की सघन मॉनिटरिंग भी की जाए।

### सफाई व पौधारोपण को लेकर दिए निर्देश

रविकान्त ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह 6-9 बजे तक सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया जाए एवं वार्डवार प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि वे कार्यालय ये ज्यादा फील्ड में नजर आएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देए हुए कहा कि जल्द से जल्द पेड़-पौधे लगाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही समय से पहले पेड़-पौधे लगाने का टारगेट पूरा किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विभाग की ओर से भी अहम योगदान दिया जा सके।

## पीसीसी अध्यक्ष ने की मुलाकात

# पानी-बिजली से राहत के लिए राज्यपाल से हस्तक्षेप का आग्रह

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा भीषण गर्मी में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को पेयजल एवं बिजली उपलब्ध करवाने में सरकार के विफल रहने पर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। इस दौरान डोटासरा ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि भीषण गर्मी से जनता त्रस्त है, किन्तु प्रदेश सरकार जनता को आवश्यकता अनुसार पेयजल एवं बिजली की निर्बाध सप्लाई करने में असफल साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने भीषण गर्मी का पूर्वानुमान होने पर भी पानी एवं बिजली प्रदेशवासियों को उपलब्ध करवाने के लिए समय रहते कन्टीनजेन्सी प्लान नहीं बनाया तथा अब आचार संहिता लगने का बहाना बनाकर राजस्थान सरकार के मंत्री उल-जूलूल बयानबाजी कर रहे है, जो दर्शाता है कि राजस्थान सरकार के पास इस समस्या के निदान के लिए कोई विशेष कार्ययोजना उपलब्ध नहीं है। डोटासरा ने कहा



कि जब भीषण गर्मी में पेयजल तथा बिजली की अनुपलब्धता के कारण प्रदेशभर में हाहाकार मचा हुआ है तो प्रदेश सरकार माननीय चुनाव आयोग से अनुमति लेने की बात कर रही है। जबकि आकस्मिक आपदा के लिए कई माह पूर्व आचार संहिता लगने से पहले ही सरकार को कन्टीनजेन्सी प्लान बनाना चाहिए था तथा अब अनुमति मांगने की बजाए चुनाव आयोग से तो पूर्व में भी अनुमति ली जा सकती थी, किन्तु भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता एवं भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण अन्य प्रदेशों में लोकसभा चुनाव में प्रचार करते रहे और प्रदेश की समस्याओं की अनदेखी की जाती रही। डोटासरा ने कांग्रेस पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पानी, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की समस्या से ग्रस्त लोगों को राहत देने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाकर समस्याओं का निदान करवाए।

## ऊर्जा मंत्री ने किया डिस्कॉम के कॉल सेंटर का निरीक्षण

# शिकायतों का जल्द करें निस्तारण

बेधड़क | जयपुर

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भीषण गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों का पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता से निराकरण करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं हो। बिजली आपूर्ति में व्यवधान संबंधी शिकायत प्राप्त होते ही फॉल्ट रेक्टीफिकेशन टीम (एफआरटी) जल्द से जल्द उपभोक्ता तक पहुंचें और बाधित विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री नागर ने मंगलवार रात राममंदिर बनीपार्क पावर हाउस स्थित जयपुर डिस्कॉम के केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का आकस्मिक



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉल को अटेंड भी किया। वे बिना अग्रिम सूचना के रात करीब 9 बजे केन्द्रीकृत कॉल सेंटर पहुंचे और वहां उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को बारीकी से देखा। इस दौरान कॉल सेंटर प्रभारी अधीक्षण अभियंता ए. के. त्यागी ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि जयपुर डिस्कॉम में कॉल सेन्टर पर दर्ज शिकायतों के तुरन्त समाधान के लिए सब-डिवीजन स्तर पर 330 एफआरटी टीमें मय वाहन संचालित हैं। उन्होंने बताया कि 19 मई से 27 मई तक 1 ,48,840 शिकायतों का समाधान किया गया है।

## स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी विजयसिंह पथिक की 70वीं पुण्यतिथि मनाई

# आजादी के संघर्ष में निभाई खास भूमिका

बेधड़क | जयपुर

पथिक सेना के राष्ट्रीय कार्यालय सुजानगढ़ में मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी विजयसिंह पथिक की 70वी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने कहा कि यदि विश्वप्रसिद्ध बिजोलिया किसान आंदोलन के माध्यम से देशभर की जनता व किसानों को पथिक जाग्रत कर प्रजातंत्र के लिए तैयार नही करते तो रजवाड़े कभी हार नही मानते ओर सरदार पटेल के लिए अखण्ड भारत का सपना, सपना ही रहता। पथिक द्वारा जाग्रत प्रजा राजाओं के खिलाफ हो गए। इससे ही रजवाड़े अखंड भारत मे सम्मलित होने पर विवश हुए।



उन्होंने कहा कि पथिक की 4 पीढ़ियों ने लगातार देश सेवा व आजादी के लिए बलिदान दे कर अपना वंश खत्म कर लिया, ऐसा धरती पर दूसरा उदाहरण नही मिलता। कार्यक्रम को मारवाड़ी भाषा मे संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि पथिक का साहित्य अनमोल ओर दुर्लभ है उनके कार्य महान है उनके विचार आत्मसात करने योग्य है। उनके आंदोलन कार्य करने की शैली और उनका व्यक्तित्व, चरित्र देश की युवा पीढ़ी के सामने आना आज के परिपेक्ष्य में बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में समाज सेवी बाबूलाल गुर्जर, सुजलांचल के विनय प्रजापत, शिक्षाविद रतन सेन, विभिन संस्थाओ से जुड़े सुमनेश शर्मा, निखिल टेलर ने भी अपने ओजस्वी विचार रखे।

कार्यालय प्रभारी सुनील भूमला से सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में किशोर डोई, गिरधारी कसाना, सुभाष गुर्जर,बंशीलाल पोसवाल, गनपत सोनी, किसन सोनी, रामलाल, दीपचंद, गोविंद पोसवाल सहित कई पत्रकार बन्धु मौजूद थे।

कार्यक्रम में सभी आगंतुकों ने पथिक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व सीएम गहलके बयान पर मिर्धा ने कहा...

# हमने अपना मान-सम्मान बचाने के लिए कांग्रेस छोड़ी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के पूर्व सीएम अशोक गहलोत की ओर से सोमवार को दिए बयान में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने वाले नेताओं को गद्दार, नालायक और निकम्मा कहने पर भाजपा नेता रिछपाल मिर्धा ने पलटवार किया है।

मंगलवार को जयपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए मिर्धा ने कहा कि गहलोत साहब, आपको तीन बार सुनना पड़ता है, तब जाकर आपकी बात समझ में आती है।

हमने तो आपकी वजह से कांग्रेस छोड़ी है। हम अपना मान-



सम्मान बचाने के लिए भाजपा में आए हैं। रिछपाल मिर्धा ने कहा कि आज जिस स्थिति में कांग्रेस पार्टी है, उसके जिम्मेदार आप अकेले खुद हो। आप राजस्थान में इकलौते ऐसे नेता हो, जिसकी



वजह से पार्टी की दुर्गति हुई है। कई नेता और भी हैं, जो आपकी वजह से कांग्रेस पार्टी छोड़कर चले जाएंगे।

कांग्रेस में केवल आप और आलाकमान ही रह जाएंगे। मिर्धा ने गहलोत को नसीहत देने हुए कहा कि आप इस तरह के बयान देने से पहले सोचें कि आप किसके लिए कह रहे हैं और क्या कह रहे हैं। मैं पुरजोर तरीके से इन बातों का खंडन करता हूं। आपने दोबारा इस तरह की बातों का प्रयोग किया तो हम भी जवाब देना जानते हैं।

### जितनी बयानबाजी करनी है अभी कर लो

भाजपा नेता रिछपाल मिर्धा ने कहा कि पूर्व सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि आपको जितनी भी बयानबाजी करनी है, आप 4 जून से पहले कर लो। उसके बाद आपको मौका नहीं मिलेगा, क्योंकि जालौर में आपकी परफॉर्मेंस का पता चलने वाला है। राजस्थान में आपकी परफॉर्मेंस कैसी है, इसका पता आपको जालौर में ही चल जाएगा। सत्ता में लाने वाले को निकम्मा-नाकारा कह चुके हो। आपने अपना जमीर बेचकर सरकार चलाई। आप उसका क्या जवाब दे सकते हो। हमारे ऊपर क्या आरोप लगा सकते हो। हमने अपने घर से संसाधन लगाकर पार्टी को सींचा है। आपने तो सत्ता सुख भोगा है।

### कौम को खत्म करने का किया किया है काम

मिर्धा ने कहा कि हमारे नागौर में कोई काम नहीं होते थे। आप जिसके पॉलिटिकल पापा बने हो, उसको (हनुमान बेनीवाल) ही आपने आगे बढ़ाया है, जो आज भी आपका पिट्ठू बना बैठा है। उसके साथ आपने गठबंधन किया है। जिस कौम की संख्या राजस्थान में 23-24 प्रतिशत है, उस कौम को खत्म करने का काम आपने किया है।

# लू पीड़ितों के लिए अलग से बनाएं वार्ड: राठौड़

**जयपुर।** पर्यटन, कला, संस्कृति व पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव व जिला प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को पोकरण कस्बे के राजकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मौसमी बीमारियों और लू को लेकर किए गए प्रबंधन की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए लू से पीड़ितों के लिए अस्पताल में अलग से वार्ड बनाया जाए। जिला प्रभारी सचिव राठौड़ मंगलवार को राजकीय अस्पताल पहुंची। उन्होंने मेल-फीमेल वार्ड, अस्पताल परिसर, आपातकालीन कक्ष और चिकित्सक कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनकी कुशलक्षेम पूछी और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं, दवाइयों, जांच की स्थिति की जानकारी ली। इस पर मरीजों ने अस्पताल में हो रही जांचों व दवाइयों की जानकारी दी। राठौड़ ने सीमावर्ती जिले में भीषण गर्मी व लू के प्रकोप को देखते हुए अस्पताल में विशेष प्रबंध करने, लू व तापघात के मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाकर विशेष इंतजाम करने, दवाइयां पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए।

**जरूरी खबर**

## जलदाय मंत्री ने किया औचक निरीक्षण



**जयपुर।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने मंगलवार को गांधी नगर स्थित पीएचईडी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में संचालित नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, साथ ही विभागीय अधिकारी आमजन के फोन को रिसीव करें। निरीक्षण के दौरान जलदाय मंत्री ने कंट्रोल रूम के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पर्याप्त स्टाफ को लगाने की बात कही। चौधरी ने वरिष्ठ अभियंताओं को फील्ड में जाकर पेयजल आपूर्ति की स्थिति जांचने के निर्देश दिए और कहा कि समस्या का समाधान नहीं होता है तो सम्बंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## हेरिटेज निगम ने वसूला 71000 रुपए कैरिंग चार्ज

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने मंगलवार को सड़क पर गंदगी फैलाने और प्लास्टिक थैली रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 71000 रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया। हेरिटेज निगम अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने मंगलवार को कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 37 हजार रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 22 हजार रुपए और वॉच राइडर ने 12000 रुपए का चालान किया है। इस दौरान निगम दस्ते ने दस किलो प्लास्टिक भी जब्त की है। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


### पुलिस ने किया लूट की वारदात करने वाली गैंग का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

# मौज मस्ती के लिए खिलौना पिस्तौल दिखा लूटते थे राहगीरों को

**बेधड़क** | जयपुर

बगरू थाना पुलिस ने रात के समय सुनसान सड़कों पर राहगीरों को खिलौना पिस्तौल दिखाकर लूट की वारदात करने वाली गैंग पकड़ी है। पुलिस ने 4 आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। आरोपी खिलौना पिस्तौल के दम पर मोबाइल फोन और नगद रुपए लूटने के साथ ही पेट्रोल पंपों से कार में ईंधन भरवाकर बिना रुपए दिए ही फरार हो जाते थे।

आरोपी अपनी पहचान छुपाने के लिए लूट किए गए मोबाइल फोन से ही ओला ऐप पर कार बुक करके कार चालक को सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ मारपीट करके लूट की वारदात करते थे। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार के मुताबिक 27 मई को परिवादी राकेश ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 24 मई को रात करीब 7:45 बजे जेसीबी सर्कल के पास किराना की दुकान से दही लेकर पैदल वापस मकान पर जा रहा था। रास्ते में सुनसान सड़क पर सामने से एक कार आई।

कार पर नंबर नहीं लिखे हुए थे। कार बराबर आकर रुकी और पीछे बैठे दो लोग उतरकर आए, जिनमें से एक व्यक्ति ने पिस्तौल जैसा हथियार दिखाकर डराया। डरा धमकाकर रुपए और मोबाइल फोन निकाल लिए। पीड़ित के मोबाइल फोन के साथ ही 2500 नगदी और आधार कार्ड भी लूट कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू की। एडिशनल डीसीपी वेस्ट नीरज पाठक और एसीपी बगरू अमीर हसन के निर्देशन में बगरू थाना अधिकारी हरिशचंद्र सोलंकी के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया।



### लूटने के लिए बना रखी थी गैंग

पुलिस की स्पेशल टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस ने लूट करने वाले चार आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर सामने आया है कि आरोपी गैंग बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों ने रेंट पर कार ले रखी थी। कार की नंबर प्लेट हटाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

### ओला कैब चालक को भी लूटा था

आरोपियों ने मानसरोवर जयपुर से एक ओला कैब बुक करवाई थी। सेज थाना इलाके में जाकर ओला कैब की आरसी, चालक का पैन कार्ड, आधार कार्ड, नगदी समेत अन्य सामान लूटकर ले गए थे। ओला कैब चालक को रास्ते में पटक कर फरार हो गए थे। ओला कैब के टायरों के व्हील कैप उतार कर अपनी कार में लगा लिए थे। आरोपी शराब पीने और मौज मस्ती के लिए लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में और भी कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

### हीटवेव प्रबंधन पर तैयारियों की चिकित्सा मंत्री ने की समीक्षा

# कुछ मामले छोड़कर 99 फीसदी चिकित्सा व्यवस्था चाक-चौबंद

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि विभाग ने हीटवेव से बचाव एवं उपचार के लिए उच्च स्तरीय प्रबंधन किया है। हीटवेव प्रबंधन की मॉनिटरिंग के लिए हर अस्पताल पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि समीक्षा में सामने आया है कि प्रदेश में कुछ मामलों को छोड़कर 99% चिकित्सा व्यवस्था चाक-चौबंद हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में पूरा चिकित्सा तंत्र अलर्ट मोड और प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ काम कर आमजन को राहत दे। चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर कोई भी लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अस्पताल अधीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। खींवसर मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में हीटवेव प्रबंधन पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मेडिकल कॉलेजों की ओर से किए प्रबंधों का प्रस्तुतीकरण दिया गया।

### चिकित्सा संस्थानों में माकूल इतंजाम

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि हीटवेव से प्रभावित रोगियों के उपचार के लिए चिकित्सा संस्थानों में डेडीकेटेड हीट स्ट्रोक वार्ड बनाए गए हैं तथा बैड आरक्षित किए गए हैं। राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित किए जा रहे हैं। एम्बुलेंस में एयर कंडीशन एवं आइस पैक सहित अन्य आवश्यक उपचार सुविधाओं का प्रबंध किया गया है। समय-समय पर चिकित्साकार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया है और मॉक ड्रिल्स की गई हैं। हीटवव से पीड़ित व्यक्ति राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम 0141-2225000, टोल फ्री नंबर - 1070 तथा आपातकालीन एम्बुलेंस सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 104 एवं 108 पर सम्पर्क कर सकता है।




### रेपिड रेस्पॉन्स सिस्टम से पहुंचाएं रोगियों को राहत

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों सहित सभी चिकित्साकर्मी हीटवेव को लेकर विशेष सतर्कता बरतें। यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों में पंखे, कूलर, एसी, वाटर कूलर, जांच, दवा एवं उपचार के प्रबंधन में कोई कमी नहीं रहे। अधिकारी निरंतर फील्ड में जाकर चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करें। संसाधनों की तात्कालिक उपलब्धता के लिए आरएमआरएस फंड का उपयोग करें या वैकल्पिक उपायों के माध्यम से तुरंत व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने रेपिड रेस्पॉन्स सिस्टम के माध्यम से रोगियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। खींवसर ने कहा कि हीटवेव के इस समय में आमजन को राहत के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संकट एवं विपदा के समय उदारमना एवं भामाशाहों द्वारा आगे बढ़कर सहयोग करना राजस्थान का गौरवशाली इतिहास रहा है। अधिकारी इन दानदाताओं, भामाशाहों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सोशल एक्टिविस्ट का भी हीटवेव प्रबंधन में सहयोग लेकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें।

### हीट स्ट्रोक वार्डों में रोगियों की संख्या नगण्य

खींवसर ने कहा कि सोमवार और मंगलवार को प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की है। इसमें सामने आया है कि चिकित्सा विभाग की समय पर की गई तैयारियों और समुचित प्रबंध के कारण हीट स्ट्रोक के रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो रहा है। राजस्थान में हीटवेव की प्रबलता के बावजूद अस्पतालों में स्थापित किए गए डेडीकेटेड हीट स्ट्रोक वार्डों में रोगियों की संख्या तथा प्रदेश में इससे होने वाली मौतें लगभग नगण्य हैं। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से रैफरल सुविधा भी सुगमता से उपलब्ध हो रही है। एम्बुलेंस में हीट स्ट्रोक रोगियों के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का प्रबंध किया गया है। गौरतलब है कि विगत कुछ दिनों से राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में हीटवेव चल रही है, जिसके कारण गर्मी के मारे लोगों का बुरा हाल हो रहा है। इस दौरान प्रदेश के कई अस्पतालों में मरीजों व उनके परिजनों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने हीटवेव प्रबंधन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से की गई तैयारियों एवं मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं संबद्ध अस्पतालों के अधीक्षक भी वीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित हुए।

### मौतों के प्रमाणिक आंकड़े पोर्टल पर

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि हीट स्ट्रोक से होने वाली मौतों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं और मौतों की भिन्न-भिन्न संख्या मीडिया के माध्यम से सामने आ रही है, जबकि प्रमाणिक आंकड़े चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किए जा रहे हैं, जो आईएचआईपी पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हीटवेव से होने वाली मौतों के प्रमाणिक आंकड़े भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार डेथ ऑडिट के बाद चिकित्सा विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 28 मई तक हीट स्ट्रोक से पांच संदिग्ध मौत के मामले सामने आए हैं, इनमें से एक मौत की पुष्टि हीट स्ट्रोक से पूर्व में की जा चुकी है, जबकि जयपुर, जोधपुर, नागौर एवं उदयपुर में एक-एक मौत की अभी ऑडिट की जा रही है।

### सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

## अस्पतालों में पेयजल और पंखा-कूलर की व्यवस्था करें



**बेधड़क** | जयपुर

गर्मी और हीट वेव को देखते हुए सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने मंगलवार को जिले के अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। इस शेखावत ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जामड़ोली और पीएचसी बगराना का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने हीट वेव के तहत तैयारियों की समीक्षा करते हुए चिकित्सा संस्थान में रोगियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। हीट वेव को लेकर उन्होंने उन्होंने संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट, ओआरएस एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विशेषकर उन्होंने रोगियों और उनके परिजनों के लिए ठंडे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, पर्याप्त छाया और कूलर, पंखों की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने चिकित्साकर्मियों की समय पर उपस्थिति, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा व टीकाकरण, जांच सुविधाएं भी देखी।

इस दौरान उन्होंने मंगलवार को आयोजित होने वाले शक्ति दिवस एवं मैन पावर का निरीक्षण किया और उपस्थित स्टाफ मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम करने के निर्देश दिए।

### नशा मुक्ति भारत अभियान

## गायत्री मंत्रोच्चार से दिलाएंगे नशा नहीं करने का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल विश्व गायत्री परिवार 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जन जागरण रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागृत करेगा। मुख्य रुप से मानसरोवर, दुर्गापुरा, मुरलीपुरा में निकाली जाने वाली व्यसन मुक्ति रैली में कार्यकर्ता के हाथों में नशा छोड़ो परिवार जोड़ो, टीबी-कैंसर मौत की सीढ़ी बंद करो ये गुटका-बीड़ी, गांजा-भांग शराब तंबाकू तन-मन-धन के ये सब डाकू जैसे नारे लिखी तख्तियां थामें मुख्य मार्गों से गुजरेंगे। इस दौरान लोगों से न सिर्फ नशे से होने वाले नुकसान के बारे में चर्चा की जाएगी, बल्कि झोली फैलाकर बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, गांजा, चिलम, गुटखा, शराब दान स्वरूप मांगी जाएगी। उन्हें गायत्री मंत्रोच्चार के साथ नशा न करने का संकल्प दिलाया जाएगा। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, वाटिका, कालवाड़, किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र पर नशा मुक्ति प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी सहित अनेक आयोजन होंगे।

### कार्यशाला में बोले राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव

# स्टोन क्रशिंग से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सख्ती बरतें

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन ने कहा कि भरतपुर जिला अंतर्गत रूपवास एवं बयाना में स्टोन क्रशिंग का कार्य वृहद स्तर पर किया जाता है, जिस वजह से वहां का सामाजिक एवं आर्थिक विकास कहीं न कहीं स्टोन क्रशिंग इकाइयों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह क्षेत्र टीटीजेड क्षेत्र के अंतर्गत आता है, अतः यहां की खनन एवं क्रशिंग इकाइयों को केंद्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा निर्धारित नियमों की पालना सख्ती से करनी चाहिए।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन मंगलवार को यहाँ आगामी 5 जून को आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही सात दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन भरतपुर जिला अंतर्गत रूपवास एवं बयाना के स्टोन क्रशिंग इकाइयों से सम्बंधित हितधारकों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रूपवास और बयाना स्टोन क्रशिंग इकाइयों का राज्य की खनन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। इसी को देखते हुए स्टोन क्रशिंग इकाई धारकों को अधिक से अधिक पौधारोपण कर, क्रशिंग क्षेत्र को कवर कर एवं बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन कर स्टोन क्रशिंग से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने का सतत प्रयास करना होगा।



### 10 हजार 400 वर्ग किमी क्षेत्र टीटीजेड

इस दौरान अधीक्षण पर्यावरण अभियंता श्री विवेक गोयल ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से टीटीजेड के अंतर्गत आने वाले सभी स्टोन क्रशिंग इकाइयों की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि टीटीजेड की अधिकतर स्टोन क्रशिंग इकाइयां भरतपुर जिला अंतर्गत रूपवास एवं बयाना क्षेत्र में आती है। उन्होंने बताया कि टीटीजेड को आगरा स्थित ताजमहल के आसपास के 10 हजार 400 वर्ग किमी के क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीरी) दिल्ली के प्रतिनिधि डॉ. एस के गोयल ने कहा कि हमें प्रदूषण नियंत्रण के मुद्दे को एकजुटता के साथ सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए समाधान की ओर बढ़ना होगा ताकि इस क्षेत्र में अन्य व्यवसायियों को भी क्रशिंग इकाइयां स्थापित करने का मौका मिल सके।

### पृथक जारी होंगे संशोधित क्षेत्रीय दिशा-निर्देश

उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं नीरी के संयुक्त तत्वाधान में स्टोन क्रशिंग इकाइयों का अध्ययन किया जाएगा, जिसके तहत उक्त इकाइयों के लिए प्रदूषण नियंत्रण हेतु संचालन एवं स्थापित करने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किये जाएंगे। कार्यशाला के दौरान उक्त दिशा-निर्देशों को जारी करने से पहले हितधारकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई कार्यशाला के दुसरे सत्र के दौरान स्टोन क्रशरों के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा प्रस्तावित दिशानिर्देशों का अवलोकन एवं स्टोन क्रशिंग इकाइयों में पर्यावरणीय उपायों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा

इस दौरान हितधारकों से स्टोन क्रशिंग इकाइयों के संचालन में आ रही समस्याओं एवं उनके समाधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर हितधारकों ने कहा कि मंडल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर उन्हें इस प्रकार का मौका दिया जो की स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है। उन्होंने कहा कि यदि इसी प्रकार मंडल द्वारा हितधारकों की समस्याओं को प्राथमिकता देकर प्रदूषण नियंत्रण की ओर कार्य किया जाता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब राज्य प्रदूषण मुक्त राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। कार्यशाला के दौरान मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रहे।

**जरूरी खबर**

## दोपहर 12 से 3 बजे तक नहीं लगेंगी क्लासेज



**कोटा।** पूरे राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है। गर्मी से लोगों को बचाने के लिए प्रशासन भी प्रयासरत है। अस्पताल से लेकर निर्माण कार्य में मजदूरों और फैक्ट्री वर्कर्स के लिए भी व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए हैं। आम राहगीरों को भी छाछ और ओआरएस पिलाया जा रहा है। इसके अलावा अब जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने कोचिंग के विद्यार्थियों के लिए दोपहर 12 से 3 बजे तक अवकाश की घोषणा कर दी है। इस समय किसी भी कोचिंग संस्थान में क्लास नहीं लगेंगी।

## पेयजल समस्या से परेशान लोगों ने दिया धरना

**अलवर।** शहर के वार्ड 35 में पानी नहीं आने पर वार्ड की 50 से अधिक महिलाओं ने पार्षद रविंद्र जैन के घर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद पार्षद को साथ लेकर पंप हाउस पहुंचीं और विरोध प्रदर्शन किया। वार्डवासियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि पानी का समाधान नहीं किया गया तो रोड जाम करेंगे। वार्ड पार्षद रविंद्र जैन ने बताया कि पानी वितरण का सिस्टम सही नहीं है। इस कारण कहीं बिल्कुल पानी नहीं आ रहा, तो कहीं दो मिनट आता है। मेरे वार्ड में 3 टैंकर लगाए हुए हैं, लेकिन ये टैंकर कहां जाते हैं, पता नहीं चलता। पार्षद ने कहा कि एईएन फोन नहीं उठाते हैं। यह समस्या वार्ड 36 के अल्कापुरी व फ्रेंड्स कॉलोनी में अधिक है।

## नागरिकता के लिए आए आवेदनों की जांच



**अनूपगढ़।** भारत में रह रहे पाक विस्थापितों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। इसके लिए किए गए ऑनलाइन आवेदन की जांच नगरपरिषद में की जा रही है। आवेदनों की जांच के लिए बनाई गई कमेटी के अध्यक्ष सीताराम खत्री ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार अनूपगढ़ जिले में रह रहे पाक विस्थापितों से ऑनलाइन आवेदन करवाए गए थे। इनकी जांच 27 और 28 मई को की गई। इन दो दिनों में कुल 40 पाक विस्थापित लोगों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया है। इसके बाद अब उच्च अधिकारियों को सूची भेजी जाएगी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर भारत सरकार की ओर से नागरिकता दी जाएगी।

### थीसिस जमा करने की मांग को लेकर भीषण गर्मी में दे रहे धरना, कुलपति ने बताई आचार संहिता की मजबूरी

# धरने पर बैठे PH.D शोधार्थियों को विवि परिसर से निकाला

**बेधड़क** | अलवर

राजर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में पीएचडी शोधार्थियों की थीसिस जमा करने की मांग अभी पूरी नहीं हो सकी है। इस मांग को लेकर छात्र यूनिवर्सिटी परिसर में सोमवार को धरने पर बैठे, लेकिन मंगलवार को प्रशासन ने पुलिस बुलाकर धरना दे रहे छात्रों को परिसर से बाहर कर दिया।

अब शोधार्थी छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें परिसर से बाहर निकालकर ताला लगा दिया। छात्रों की मांग पूरी करने की बजाय उन्हें 48 डिग्री तापमान में बाहर धरने पर बैठने को मजबूर कर दिया। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसएस पांडे ने चुनाव आचार संहिता के चलते आश्वासन देने में स्वयं को मजबूर बताया।



राजर्षि भर्तहरि मत्स्य विश्वविद्यालय ने करीब 6 वर्ष पहले विद्यार्थियों को पीएचडी में प्रवेश दिया, लेकिन शोधकार्य पूर्ण करने के बाद भी विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री नहीं मिल सकी है। शोधार्थियों का कहना है कि शोधकर्ता विद्यार्थियों ने अपना शोध कार्य पूरा कर लिया, लेकिन विश्वविद्यालय की ओर से शोध प्रबंधन थीसिस जमा नहीं की जा रही है। शोधार्थियों ने कई बार कुलपति को भी इस समस्या से अवगत करवाया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसी मांग को लेकर शोधार्थियों ने सोमवार को यूनिवर्सिटी परिसर में धरने पर बैठ गए, लेकिन मंगलवार को विवि प्रशासन ने पुलिस बुलाकर शोधार्थियों को परिसर से बाहर निकाल दिया।

### शोधार्थियों ने लगाए ये आरोप

शोधार्थी देवेन्द्र यादव ने बताया कि मांगों को लेकर उनकी ओर से कुलपति के नाम एक सप्ताह पूर्व पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उन्होंने एक हफ्ते में उनकी सभी पांच मांगों को पूरा करने की बात कही थी। मांगे पूरी नहीं होने पर शोधार्थियों ने सोमवार से विश्वविद्यालय परिसर में धरना शुरू किया था। शोधार्थी देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को पूर्व में मांगों का जवाब नहीं देने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी थी, लेकिन विवि प्रशासन की ओर से शोधार्थियों की मांग पूरी नहीं की गई। अब उन्हें मांगों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में धरने पर भी नहीं बैठने दे रहे, अंदर ताला लगा दिया है। उनका कहना है कि विवि परिसर में शिक्षा शोधार्थियों का प्रवेश नहीं है, यानी शिक्षा के मंदिर में शोधार्थियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। अधिकारी मांगों को पूरा करने के बजाय कह रहे हैं कि आप किसी दूसरे विश्वविद्यालय में प्रवेश ले लें।

### आचार संहिता में आश्वासन देना मुश्किल

राजर्षि भर्तहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसएस पांडे का कहना है कि उनके कार्यभार संभालने के दौरान पीएचडी में सात विषयों में समस्या थी। इसमें से पांच का निराकरण कर दिया गया है, शेष दो विषयों की समस्या का भी निराकरण करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समयबद्ध आश्वासन देना संभव नहीं है। अभी चुनाव की आचार संहिता लगी है इसलिए अभी आश्वासन देना मुश्किल है। अभी यूनिवर्सिटी के नियमों का पालन करना संभव नहीं हो पा रहा है। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बने।

### पूर्व में भी शोधार्थी दे चुके हैं धरना

राजर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश लेने और शोध कार्य पूर्ण करने वाले शोधार्थी अपनी थीसिस जमा कराने की मांग को लेकर पूर्व में विश्वविद्यालय प्रबंधन के समक्ष धरना, प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने की कार्रवाई कर चुके हैं। हालांकि, अभी शोधार्थियों की समस्या का निराकरण नही हो पाया है। इस दौरान विश्वविद्याल में कई कुलपति भी बदल गए, लेकिन शोधार्थियों की समस्या जस की तस है।

### दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने कसी कमर

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ओवर स्पीड हादसों का सबब

■ तय सीमा से अधिक गति वाले वाहनों पर रख रहे कड़ी नजर

**बेधड़क** | अलवर

राजधानी दिल्ली को महानगर मुंबई से जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे पर बढ़ते सड़क हादसे वाहनों की तेज गति से होने की बात सामने आई है।

अब दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस वाहनों की ओवरस्पीड पर ब्रेक लगाएगी। इसके लिए यातायात पुलिस ने ओवरस्पीड यानी निर्धारित 120 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा गति से चलने वाले वाहन चालकों की नकेल कसने के लिए चालान की गति बढ़ा दी है। यातायात पुलिस ने पिछले तीन महीनों में एक्सप्रेस वे पर 6 हजार वाहन चालकों के चालान बनाए हैं। यह कार्रवाई अभी लगातार जारी है।

यातायात पुलिस ने एक इंटरसेप्टर को एक्सप्रेस-वे के लिए रिजर्व किया हुआ है। अलवर के यातायात प्रभारी हरिओम मीना ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर एनएचएआई की ओर से वाहनों के लिए 120 किलोमीटर प्रति घंटा गति निर्धारित की गई है। एक्सप्रेस-वे पर एनएचएआई की मॉनिटरिंग व्यवस्था अभी पूरी तरह पुख्ता नहीं हो सकी है। इस कारण वाहन चालकों की गति नियंत्रण कर पाना मुश्किल हो गया है। इसका खमियाजा वाहनों में सवार अनेक लोग के जान गंवाने के रूप में चुकाना पड़ा है।



### एक्सप्रेस-वे पर लगातार कार्रवाई

यातायात प्रभारी मीना ने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से एक इंटरसेप्टर वाहन दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ओवर स्पीड से चलने वाले वाहनों के चालान के लिए रिजर्व रखा गया है। एक्सप्रेस-वे पर इंटरसेप्टर गाड़ी के लिए तैनात पुलिस कर्मी हर दिन सुबह 8 से शाम 6 बजे तक ओवर स्पीड में निकलने वाले वाहनों के चालान करते हैं। ओवर स्पीड पर चलने वाले वाहनों पर निरंतर कार्रवाई की जाती है। ऐसे वाहनों का ऑनलाइन चालान किया जाता है।

### पुलिस ने तीन महीने में किए 6 हजार चालान

यातायात प्रभारी ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ओवर स्पीड वाहनों की निरंतर निगरानी और यातायात पुलिस की ओर से ओवर स्पीड से चलने वाले करीब 6 हजार से ज्यादा वाहनों के चालान किए गए हैं। वाहन चालकों को चालान अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से प्राप्त होता है।

### 200 किमी प्रति घंटा से ज्यादा पाई स्पीड

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुए ज्यादातर हादसों का कारण ओवर स्पीड सामने आया है। पिछले महीनों हुए कई सड़क हादसों में वाहनों की गति 200 किलोमीटर प्रति घंटा से भी ज्यादा पाई गई है, जबकि यहां वाहन चालकों के लिए एनएचएआई ने 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार निर्धारित की है। प्रायः तेज गति से चलने वाले वाहन चालकों को रात के समय झपकी आ जाती है और वाहन अनियंत्रित हो कर डिवाइडर से टकरा जाते हैं। कई बार तेज गति से चलने वाले वाहन दूसरी लेन तक पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अवरोध के चलते अचानक ब्रेक लगने से भी सड़क हादसे हुए हैं।

### कोर्ट में जल्दी पेश करने को मांगी घूस

# 15 हजार की रिश्वत लेते थानाधिकारी, कांस्टेबल और दलाल गिरफ्तार



**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

जिला एसीबी टीम भदेसर थाने के थानाधिकारी, एक कांस्टेबल और एक दलाल रेस्टोरेंट के मालिक को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी और कांस्टेबल ने शांतिभंग के आरोप में पकड़े गए आरोपी से मारपीट नहीं करने और कोर्ट में जल्दी पेश करने के लिए 15 हजार रुपए मांगे थे। शिकायत पर एसीबी ने सत्यापन किया।

ट्रैप की कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल ने परिवादी को कैलाश रेस्टोरेंट के मालिक को रुपए देने की बात कहीं। तब जाकर ट्रैप की कार्रवाई पूरी हुई। एसीबी की चित्तौड़गढ़ चौकी के एडिशनल एसपी कैलाश सिंह सांदू ने बताया कि भदेसर थाने में शांतिभंग के आरोप में पकड़े गए आरोपी हुसैन मोहम्मद के साथ मारपीट नहीं करने और जल्दी मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। परिवादी आरोपी हुसैन मोहम्मद का मित्र है। उसने एसीबी चित्तौड़गढ़ में सूचना दी थी कि थाना अधिकारी रविंद्र सैन और कांस्टेबल सुरेश लगातार 15 हजार रुपए की मांग कर उन्हें परेशान कर रहे हैं। इसका सत्यापन करने के बाद मंगलवार को ट्रैप की कार्रवाई की गई। परिवादी ने कांस्टेबल सुरेश को फोन किया तो उसने पहले तुलसी होटल बुलाया। फिर होडा चौराहे पर बुलाया। फिर एक अन्य होटल बुलाया और उसके बाद में भदेसर थाने में बुलाया। जब परिवादी भदेसर थाने पहुंचा तो उसे कांस्टेबल सुरेश ने थाने के सामने स्थित कैलाश रेस्टोरेंट के मालिक कैलाश तेली से मिलने के लिए कहा। परिवादी ने कैलाश तेली को रुपए दिए। कैलाश तेली ने कांस्टेबल को फोन पर इसकी जानकारी दी। इसी दौरान एसीबी की टीम ने कैलाश तेली को गिरफ्तार कर लिया। उसे भदेसर थाने लेकर गए, जहां थाना अधिकारी रविंद्र सैन और कांस्टेबल सुरेश को भी दबोच लिया गया।

### 24 गंभीर बीमारों का अस्पताल में चल रहा इलाज

# शादी समारोह में हथकढ़ शराब और विषाक्त भोजन से तीन लोगों की मौत

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले की कोटड़ा तहसील में सोमवार शाम एक शादी समारोह में हथकढ़ शराब पीने और विषाक्त भोजन करने से आदिवासी समुदाय के तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 24 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए, जिनका इलाज गुजरात और राजस्थान के अस्पतालों में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार बोरडी कला निवासी कालूलाल आदिवासी के बेटे मनु की बारात सावन क्यारा गांव में चतराराम के यहां सोमवार शाम को गई थी।



बारातियों ने रात 8 बजे बाद लड़की वालों के घर मनुहार कर परोसी हथकढ़ शराब पीकर खाना खाया। इनमें वधू पक्ष के लोग भी शामिल थे। इसके बाद अधिकांश बाराती रात में ही बोरडी कला लौट आए। रात में कुछ लोगों को उल्टी-दस्त होने पर किसी ने उस तरफ ध्यान नहीं दिया, लेकिन मंगलवार सुबह तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर रूप से बिगड़ गई।

इलाज के लिए उन्हें कोटड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो बाराती मसरू व बाबूलाल निवासी बोरडी कला और वधू पक्ष की एक महिला अमिया की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोटड़ा के नजदीक होने के कारण ज्यादातर बीमारों को गुजरात के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मरीजों और उनके परिजनों से मिलने अस्पताल पहुंचे।

### प्रदेशवासियों को मिलेगी पावर कट समस्या से निजात

# कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट फिर से शुरू

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले के कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट की पहली यूनिट को फिर से सिंक्रोनाइज कर दिया गया है। ऐसे में आमजन को बिजली कटौती से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं थर्मल की पहली यूनिट में पुनः उत्पादन शुरू हो जाने से जिले में कुल 1200 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है।




थर्मल के चीफ इंजीनियर के. एल. मीणा ने बताया कि कालीसिंध थर्मल की प्रथम यूनिट को सिंक्रोनाइज कर दिया गया है। ऐसे में थर्मल प्लांट में लगी दोनों 600-600 मेगावॉट की यूनिट से पूरा उत्पादन मिल रहा है। ऐसे में अब लोगों को पावर कट से निजात मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि थर्मल पावर प्लांट की प्रथम यूनिट के फैन में तकनीकी खरीबी आ गई थी, जिसे सही करने के लिए सूरतगढ, भेल व कोटा से इंजीनियर बुलाए गए। जिन्होंने दिन रात काम कर तकनीकी खामी को दुरस्त कर दिया है। बता दें कि थर्मल की पहली यूनिट में तकनीकी खराबी आने से करीब एक सप्ताह से उत्पादन बंद था। ऐसे में थर्मल पावर प्लांट में एक ही इकाई से 600 मेगावाट बिजली उत्पादन रहा था। थर्मल पावर प्लांट की बंद पड़ी हुई इकाई के फिर से शुरू हो जाने से अब दोनों यूनिट से 1200 मेगावाट विद्युत उत्पादन होने लगा है। ऐसे में बिजली संकट से जूझ रहे प्रदेश को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

### दो नशा तस्करों के खिलाफ बड़ा एक्शन

# पुलिस ने तस्करी से अर्जित डेढ़ करोड़ की संपत्ति की फ्रिज

**बेधड़क** | सांचौर

पुलिस अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई को अंजाम दे रही है। इसी बीच सांचौर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों के विरुद्ध कड़ा एक्शन लिया है। इसमें सांचोर पुलिस ने करड़ा थाना क्षेत्र के दाता सरहद में अवैध मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त दो तस्करों की संपत्ति को फ्रीज करने की कार्रवाई की है।

पुलिस द्वारा दो मकान सहित सोने के आभूषण के साथ मादक पदार्थों की तस्करी से करीब डेढ़ करोड़ की अर्जित संपत्ति को वित्त मंत्रालय भारत सरकार के सक्षम प्राधिकरण द्वारा फ्रिज की गई है। कार्रवाई के बाद पुलिस की ओर से उक्त संपत्ति पर बोर्ड भी लगाया गया है।



वहीं उनकी शेष संपत्ति एवं अन्य मादक पदार्थों के तस्करों की संपत्ति को फ्रिज करने की प्रक्रिया जारी है। सांचौर जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि करड़ा थाना क्षेत्र के दाता निवासी भुताराम उर्फ भभुताराम एव जेताराम विश्नोई द्वारा अनैतिक गतिविधियो से अर्जित संपत्ति को फ्रिज करवाया गया है। इसमे तत्कालीन एसपी सागर राणा एव तत्कालीन पुलिस निरीक्षक बाबुलाल थानाधिकारी थाना करडा द्वारा दोनों तस्करो की नशा तस्करी से अर्जित सम्पति का ब्यौरा तैयार करके उसे चिह्नित कर एनडीपीएस एक्ट के तहत फ्रिज करवाने की प्रकिया शुरू की गई थी।

### दोनों तस्करों पर हैं कई मामले दर्ज

बता दें कि पुलिस की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो तस्करों के विरुद्ध फ्रिज की गई संपत्ति के मामले में पुलिस के अनुसार आरोपी भूताराम के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट आबकारी एक्ट के कुल सात मामले दर्ज हैं। इसमें एक एनडीपीएस एक्ट का पंजाब राज्य में दर्ज हैं। इसके अलावा सांचौर और करडा पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट आबकारी अधिनियम के छह मामले दर्ज हैं। इसके अलावा आरोपी जेताराम के विरुद्ध मंडार जिला सिरोही व सांचौर करड़ा पुलिस थाने में कुल पांच मामले दर्ज हैं।

### इन संपत्तियों को किया फ्रिज

सांचोर पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ तस्करों की संपत्ति पर कार्रवाई करते हुए करड़ा अधिकारी दीपसिह द्वारा आरोपी तस्कर भुताराम उर्फ भभुताराम के खसरा नम्बर 1455/580 मे 200 वर्ग मीटर पर बने करीब 50 लाख के मकान, 744 ग्राम सोने के आभूषण को फीज किया गया है। इसके अलावा आरोपी तस्कर जेताराम के खसरा नम्बर 1455/580 मे 203 वर्ग मीटर पर बने करीब 50 लाख के मकान सहित कुल डेढ करोड की संपत्ति को फ्रीज कर वहां बोर्ड लगाया गया है।

### केदारनाथ दर्शन के बाद पहुंचे थे वृंदावन

# झुंझुनूं के दो युवकों की यमुना में डूबने से मौत

**बेधड़क** | झुंझुनूं

मथुरा के वृंदावन में यमुना में स्नान के दौरान दो दोस्त डूब गए। इससे दोनों की मौत हो गई। राजस्थान के झुंझुनू निवासी दोनों युवक केदारनाथ के दर्शन करने के बाद वृंदावन पहुंचे थे।

जिला झुंझनु, थाना मंडेला क्षेत्र के गांव बदनगढ़ के चार दोस्त केदारनाथ के दर्शन करने के बाद सोमवार को वृंदावन पहुंचे। यहां ठाकुर श्रीबांकेबिहारी के दर्शन के बाद ये चारों केशीघाट पहुंचे। यहां यमुना स्नान करने के लिए दो दोस्त पानी में उतर गए। इस दौरान मोहित (17) पुत्र महेंद्र सैनी और राहुल (18) पुत्र लक्ष्मण सैनी नहाते समय गहरे पानी में चले गए। शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर जुटे गए। कई गोताखोरों ने उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन जब तक दोनों यमुना के गहरे पानी में डूब चुके थे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। काफी प्रयासों के बाद दोनों युवकों को यमुना से बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। दोनों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दे दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि यमुना में डूबकर दो दोस्तों की मौत हुई है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज परिसर में नया दृष्टिकोण वाले शिविर में मां गार्गी ने कहा...

# बिजनेस की तरह जीवन में भी नियम की जरूरत

■ जीवन में आनंद चाहते हैं तो पांच तत्वों से जुड़ना होगा





**बेधड़क** | जयपुर

हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पांच प्रमुख तत्व जो की बहुत ही आवश्यक हैं, इनके नजदीक रहना होगा। इसी से हमारे शरीर का निर्माण हुआ है, इनसे ही हमें ऊर्जा मिलती है। जल, अग्नि, पृथ्वी, वायु और आकाश यह सब हमारी प्रगति में सहायक है। हम इनसे जितनी खुशबू लेंगे, जितनी नजदीकी बनाएंगे तो हर व्यक्ति ऊर्जा से भरेगा, लबालब हो जाएगा। यह बात मंगलवार को भवानी निकेतन परिसर सीकर रोड में प्रारंभ हुए छह दिवसीय नए दृष्टिकोण वाले शिविर में सन टू ह्यूमन प्रमुख परमालय की प्रमुख प्रशिक्षक मां गार्गी ने लगभग 20 हजार से अधिक साधकों को संबोधित करते हुए कही। मां गार्गी ने सभी से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि आप प्रकृति का भरपूर आनंद ले।

उन्होंने आज की विकट स्थिति, परिस्थिति और बढ़ते रोगों पर सबका ध्यान केंद्रित करते हुए बताया कि प्रकृति का मनुष्य को विकसित करने के लिए सबसे पहला नियम ऑक्सीजन है। हमें अपने जीवन में सभी नियम पता होते हैं। लेकिन जिस प्रकार बिजनेस भी नियम से चलता है, उसी प्रकार जीवन को भी नियम की आवश्यकता है। छोटी से छोटी वस्तु भी टर्म्स एंड कंडीशंस से शुरू होती है। प्रकृति के 3 नियम जीवन में अति आवश्यक है। पहला ऑक्सीजन , दूसरा भोजन और तीसरा नींद जिसको हम विश्राम (ध्यान) कहते हैं इसके बिना हमारा संपूर्ण जीवन नीरस है।

नया दृष्टिकोण वाले शिविर के दौरान भवानी निकेतन परिसर इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद भी बिल्कुल शांत और प्रसन्नचित्र मुद्रा में लोग नजर आए। मां गार्गी ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि प्रकृति के तीनों नियमों को हमें पहले पूरे तरीके से समझना होगा। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन, भोजन, और नींद जिसके भी गड़बड़ होंगे, उसके पूरे शरीर का शरीर सिस्टम गड़बड़ होना ही है। सम्यक आहार, सम्यक व्यायाम, सम्यक निद्रा यह शरीर में ऊर्जा का निर्माण करती है।

### निशुल्क अल्कलाइन का ऊर्जावान नाश्ता दिया

नए दृष्टिकोण शिविर के मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि दो घंटे से ज्यादा समय के शिविर के बाद यहां उपस्थित सभी साधकों को निशुल्क करीब बीस आइटम वाले ऊर्जावान अदृश्य नाश्ता प्रदान किया गया। इस मौके पर सुखद और आश्चर्यजनक अनुभूति के साथ लोगों ने इसे गृहण किया। इस दौरान सभी ने नाश्ते के दौरान व बाद में एनर्जी टी और शीतल विशेष छाछ का भरपूर आनंद लिया।

### मां-बाप से ज्यादा सीखता है बच्चा

मां गार्गी ने कहा कि यह सब बातें अपने मां-बाप से सीखकर छोटा बच्चा ज्यादा फॉलो करता है। हमारा शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है अग्नि, जल, वायु, आकाश और पृथ्वी, लेकिन आज हम इन सभी से दूर होते जा रहे हैं। प्रकृति पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि आज हमारा प्रकृति से आज कनेक्शन ही नहीं रहा। हम सूर्य दर्शन के लिए बाहर जाते हैं, जबकि हमारे जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण सूर्य की रोशनी ही है। हम आकाश तत्व से दूर होते जा रहे हैं। हमारा अधिकांश समय एयर कंडीशन घर, ऑफिस और कार में निकल रहा है। हम आकाश के नीचे खुले में बैठना, घूमना पसंद ही नहीं करते हैं। जब इन मूलभूत तत्वों से दूर रहेंगे तो कैसे शरीर में ऊर्जा आएगी।

### कैसे बना यह वेरिएंट

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, कोविड-19 का एक्सई वेरिएंट दो अलग-अलग वेरिएंट से मिलकर बना है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट के दो प्रकार हैं। पहला है ओमिक्रॉन बीए-1, जबकि दूसरा है बीए-2 है। इन्हीं दो वेरिएंट के मिलने से एक्सई वेरिएंट बना है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह वेरिएंट अब तक के सभी वेरिएंट की तुलना में ज्यादा संक्रामक है। यह 10 गुना तेजी से फैलता है।

### शिविर प्रमुख परम आलय का आगमन आज

शिविर से जुड़े संजय महेश्वरी कमल सोमानी ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर के अंतिम तीन दिनों में मार्गदर्शन करने के लिए सन टू ह्यूमन के प्रमुख परम आलय गुरुवार को गुलाबी शहर पहुंचेंगे। शिविर के मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया परमालयजी आगामी 31 मई से 2 जून तक प्रातः भवानी निकेतन परिसर में विशेष सत्र मैं साधकों को संबोधित करेंगे। परमालयजी इस विशेष सत्र में मन, बुद्धि, भावना, विवेक सहित मन की शक्तियों को विकसित करने के सूत्रों को बताएंगे। जानकारी के अनुसार यह 11 शिविर जयपुर वासियों के विशेष आग्रह पर आयोजित किया गया है।

### प्रकृति से दूर तो कोई डॉक्टर या पैथी कारगर नहीं

मां गार्गी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन की चाबी सिर्फ हमारे ही हाथ में है। सिर्फ दो रास्ते है। छोटे छोटे प्रयोगों से समझ बढ़ाकर जीवन को शक्तिशाली कर ले या फिर इस शरीर को दवाएं लेकर, हॉस्पिटल के चक्कर काटकर उसे किसी तरह ढोते रहें। यदि प्रकृति से हम दूर हो गए तो कोई भी पैथी या डॉक्टर्स बीमारियों को बढ़ाने के अलावा कभी भी दूर नही कर सकते। मां गार्गी ने कहा कि यदि हम अपने जीवन में आनंद चाहते है तो उसकी शुरुआत शरीर से ही करनी होगी और शरीर के लिए प्रकृति द्वारा प्रदत्त नियमों को समझना ही होगा।

### गर्मी को देखते हुए बदला समय

शिविर में साधकों की सहमति पर भीषण गर्मी और नौतपा को देखते हुए शिविर का समय बुधवार से सुबह 5:00 से 7:00 बजे तक किया गया है।

### उत्साह के साथ 20 हजार से अधिक लोग उमड़े

शिविर में पूरे जयपुर सहित प्रदेश के व अन्य कई राज्यों से साधक यहां पहुंचे। शिविर स्थल पर ताल से ताल मिलाते हुए नृत्यगान करते हुए साधकों ने अपनी जगह बनाई और सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर आसन ग्रहण किया। इसी के साथ ही शिविर स्थल पर सभी साधकों का केसर-चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद अलग-अलग खंडो में सभी ने अपने निर्धारित स्थान पर बैठकर शिविर में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। शिविर के प्रति जयपुर वासी अत्यधिक उत्साहित नजर आ रहे थे। आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी, कमल सोमानी, विवेक लड्ढा, नरेंद्र बैद्य, राजेश नागपाल आलोक तिजारिया ने बताया कि शिविर को लेकर जयपुर शहर में चारों और लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। शिविर समय से पूर्व लोगों ने अपना स्थान ग्रहण किया और वॉलिंटियर्स ने अपना दायित्व निभाते हुए सबको मार्गदर्शन किया।

## Yuva स्टोरीज



### स्टूडेंट्स ने दिखाई पोस्टर मेकिंग में क्रिएटिविटी

**जयपुर।** मालवीय कॉन्वेंट स्कूल में ग्रीष्मकालीन सत्र में नन्हे मुन्ने बच्चो ने अपनी क्रिएटिविटी से सभी को आकर्षित किया। इस दौरान उन्होंने पोस्टर मेकिंग के जरिए अपने मन की बात को पोस्टर के जरिए उकेरा। इस दौरान पर्यावरण, प्रदूषण और इसी प्रकार जन जीवन को प्रभावित करते विभिन्न मुद्दों पर पोस्टर के जरिए प्रकाश डाला। प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने बताया कि स्टूडेंट्स मे समसामयिक मुद्दों पर जानकारी के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते है, जिससे उनमें अवेयरनेस बनी रहे।

### राजस्थान विश्वविद्यालय में वीर सावरकर जयंती पर कार्यक्रम

**बेधड़क** | जयपुर

शुभ विचार भारत एवम राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में मां भारती के वीर सपूत स्वातंत्र्य वीर सावरकर की जयंती मनाई गई, कार्यक्रम में शुभ विचार भारत के संस्थापक ने युवाओं को संबोधित करते हुआ कहा कि “परतंत्रता से मुक्ति के लिये सम्पूर्ण विश्व मे जितने भी आंदोलन हुए है उन सभी आंदोलनों के सभी नायकों की वीरता, संघर्ष, शौर्यता की बात करें तो उन सब नायकों में से में प्रथम पंक्ति के प्रथम नायक भारत माता के वीर पुत्र सावकार होंगे, वे विश्व के एक मात्र नायक है जिन को दो बार आजीवन कारावास हुआ जिन का सम्पूर्ण परिवार आंदोलन में शामिल रहा।



### एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स में सीखी राइटिंग स्किल

**जयपुर।** जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन में स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल लर्निंग के लिए एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स का सेशन आयोजित किया गया। कोर्स का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स में स्किल डेवलपमेंट कर उनमे बोलने, लिखने आदि के गुणों का विकास करना है। इस दौरान उन्हें ब्लॉग लिखने, फॉर्मल राइटिंग, इंग्लिश कॉम्प्रिहेंसिव आदि सिखाया गया। फाउंडर परेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह के एक्सपर्ट सेशन के माध्यम से स्टूडेंट्स मे स्किल डेवलपमेंट होता है, जो उनके करियर के लिहाज से काफी बेहतर साबित होता है।

### राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2024 का हुआ समापन

## कॉनफैड, कोटा उपभोक्ता भंडार और KVSS किशनगढ़ रहे पहले स्थान पर

■ मेले में सवा दो करोड़ से अधिक के मसालों की हुई ब्रिकी

**बेधड़क** | जयपुर




जवाहर कला केन्द्र में आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 2024 का मंगलवार को समापन हो गया। 19 मई से शुरू हुए इस मेले में 2.25 करोड़ रुपए से अधिक के मसालों की रिकॉर्ड ब्रिकी हुई। समापन के अवसर पर कॉनफैड प्रबंध निदेशक शिल्पी पाण्डे ने श्रेष्ठ स्टालों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेला सहकारी समितियों के व्यवसाय में वृद्धि करने के अच्छे प्रयास का एक बेहतर प्लेटफार्म रहा। महाप्रबंधक (व्यवसाय), कॉनफैड अनिल कुमार ने कहा कि मेले से एक ही छत के नीचे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं सेवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध हुई।
मेले में सर्वाधिक बिक्री के लिए अन्य प्रदेशों में केरल स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग फैडरेशन, शीर्ष संस्थाओं में कॉनफैड, जिला भण्डारों में कोटा सहकारी उपभोक्ता भण्डार व क्रय विक्रय सहकारी समितियों में किशनगढ ने पहला स्थान प्राप्त किया। महाप्रबंधक कुमार ने राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले की सफलता के लिए जयपुरवासियों, मीडिया एवं इससे जुड़े अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई दी। महाप्रबंधक (प्रशासन), कॉनफैड राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 19 मई से आयोजित सहकार मेले में कारोबार एवं डिसप्ले की दृष्टि से समितियों को पुरस्कृत किया गया है। इनमें बिक्री के आधार पर शीर्ष संस्थाओं में प्रथम कॉनफैड, द्वितीय स्थान तिलम संघ व तृतीय स्थान पर जयपुर डेयरी (आरसीडीएफ) रहा। क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में प्रथम किशनगढ, दूसरा बांसवाडा एवं तीसरा स्थान सांचौर का रहा। इसी तरह से जिला उपभोक्ता भण्डारों की श्रेणी में कोटा, उदयपुर व जोधपुर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ डिसप्ले के आधार पर राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में इफको, कृभको तथा शीर्ष सहकारी संस्थाओं में राजफैड, अपेक्स बैंक, आरसीडीएफ एवं सहकारी आवासन संघ को सम्मानित किया गया। राज्य विशेष के विशिष्ट उत्पादों एवं मसालों की बिक्री एवं प्रदर्शन हेतु मार्केटफैड (केरल), इरोड, कोली हिल्स नामक्कल (तमिलनाडु), पंजाब, गुजरात एवं बिहार की सहकारी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। शीर्ष संस्थाओं की श्रेणी में कॉनफैड प्रथम स्थान पर तिलम संघ द्वितीय स्थान पर एवं आरसीडीएफ तीसरे स्थान पर रहे। जिला उपभोक्ता भण्डारों की श्रेणी में उदयपुर, भरतपुर व भीलवाड़ा क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### एसीबी महानिदेशक ने लगाए परिंडे

## शहरीकरण की दौड़ में बेजुबान पशु-पक्षियों का भी रखें ख्याल: मेहरड़ा



**बेधड़क** | जयपुर

झालाना स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय परिसर में मंगलवार को मित्राय फाउंडेशन के तत्वावधान में परिंडे लगाने का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान 50 परिंडें लगाए गए।

एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा की अगुवाई में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस अवसर पर महानिदेशक ने आमजन से अपील कि बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में दाना-पानी की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। शहरीकरण की दौड़ में पक्षियों के जो घोसलें है वो भी लुप्त प्राय होते जा रहें है। इसलिए यह हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम पौधारोपण के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए इस गर्मी के मौसम में अपने घरों एवं कार्यालय में परिडें लगाए। मेहरड़ा ने इस अवसर पर मित्राय फाउंडेशन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

**कार्यशाला** राजस्थान विवि की ओर से ‘जैविक खेती इंडिया से भारत की ओर’ विषय पर कार्यक्रम

## जैविक खेती से ही भारत की समृद्धि संभव: प्रो. शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान विश्वविद्यालय के लाईफ लॉन्ग विभाग की तरफ से कुलाधिपति कलराज मिश्र की प्रेरणा से मंगलवार को जालसू तहसील के मुन्डोता गांव में प्रभा देवी मेमोरियल पी.जी. महाविद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के आसपास की दर्जनों पंचायतो के गांवो के नौजवान विद्यार्थियों को एकत्रित कर ‘जैविक खेती इन्डिया से भारत की ओर’ विषय पर जीवंत कार्यक्रम रखा गया। इसमें कृषि विभाग राज. सरकार के अधिकारियों तथा ग्राम पंचायतो में कार्यरत कृषि पर्यवेक्षक, सहायक कृषि अधिकारियो के साथ जैविक खेती संबंधी चर्चा हुई। । विभाग के निदेशक प्रोफेसर डॉ. प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि देश में भुखमरी एवं कुपोषण से निजात दिलाने के लिए हरित क्रांति एवं श्वेत क्रांति की छठे दशक में पूर्व भारत सरकार ने शुरू की थी, जिसके परिणाम स्वरूप कृषि एवं दुग्ध उत्पादन तो काफी बढ़ा। लेकिन उर्वरा शक्ति कम होते होते समाप्त होने के कगार पर आ गयी। अंग्रेजी फर्टिलाइजर एवं कीटनाशको के प्रयोग से पोष्टिकता में बहुत कमी के साथ साथ पर्यावरण में असंतुलन भी देखने को मिल रहा है। भारत की मूल कृषि इन्डिया की खेती में बदलती चली गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘विकसित भारत संकल्प 2047’ को साकार करने के क्रम में यह कार्यक्रम ‘जैविक खेती इन्डिया का रुख भारत की ओर’ जिससे हम परम्परागत कृषि से समृद्धि ओर प्रगति की नई परिभाषा तय की जा सके। राजस्थान विश्वविद्यालय के सामाजिक सरोकारों के क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग के निदेशक प्रोफेसर डॉ. प्रकाश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सेकड़ों नौजवान छात्र-छात्राओ एवं पुरुष तथा महिला किसानों ने रूचि से विभिन्न योजनाओ की जानकारी प्राप्त की तथा इन योजनाओ को अपनाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत, कुडियों का बास के सरपंच रामकरण चांदीवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### पीजीएस पोर्टल से मिलेगा सरकारी लाभ

इसमें मुख्य रूप से कृषि पर्यवेक्षक मुकेश कुमार कुमावत ने जैविक कृषि की आवश्यकता, उपयोगिता तथा जैविक कृषि अपनाने की तकनीक की विस्तार से जानकारी दी। जिसमे घर में उपलब्ध साधनों के उपयोग द्वारा जीरो बजट के आधार पर प्राकृतिक खेती के माध्यम से कृषको की आय बढ़ाने पर प्रकाश डाला। सहायक कृषि अधिकारी हिंगोनिया सुन्दर देवी नागा ने बताया कि सरकारी योजनाओ के माध्यम से जैविक खेती को किस प्रकार प्रोत्साहित किया जा सकता है, उस बारे में PGS पोर्टल पर REGISTRATION करवाकर सरकार की योजनाओ का आर्थिक रूप से सीधा लाभ प्राप्त किया जा सकता है, कृषि पर्यवेक्षक अनीता चौधरी ने विभागीय योजना में जल का संग्रहण व अनुकूलतम उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

### चलाए जाएंगे जागरूकता अभियान

कार्यक्रम का संचालन महाविधालय के प्राचार्य डॉ. देव कृष्ण मंडीवाल ने किया तथा समस्त आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने की लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम समापन के पश्चात उपस्थित अधिकारियो तथा कॉलेज के निदेशक ऋषिराज मंडीवाल ने विभाग के निदेशक प्रोफेसर डॉ प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में पक्षियों के लिए परिंडे लगाये।

# जैव विविधता को बचाना आज की बड़ी चुनौती!



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

भारत जैव विविधता समृद्ध देश है। विश्व का 2.4 प्रतिशत क्षेत्रफल होने के बावजूद यह विश्व की 7-8 प्रतिशत सभी दर्ज प्रजातियों (जिनमें 45,000 पादप प्रजातियां एवं 91,000 जंतु प्रजातियां) का पर्यावास स्थल है। विश्व के 34 जैव विविधता हॉटस्पॉट में से चार भारत में हैं। इसी प्रकार विश्व के 17 मेगा-डायवर्सिटी देशों में भारत शामिल है। इस प्रकार जैव विविधता न केवल ईको सिस्टम कार्य तंत्र के आधार का निर्माण करता है, बल्कि यह देश में आजीविका को भी आधार प्रदान करता है। ऐसे में भारत में जैव विविधता का संरक्षण अपरिहार्य हो जाता है। जैव विविधता के संरक्षण के लिए कई उपाय किए गए हैं जैसे कि 103 राष्ट्रीय उद्यानों की स्थापना, 510 वन्य जीव अभ्यारणों की स्थापना, 50 टाइगर रिजर्व, 18 बायोस्फीयर रिजर्व, 3 कंजर्वेशन रिजर्व तथा 2 सामुदायिक रिजर्व की स्थापना। जैव विविधता के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय जैव विविधता कार्रवाई योजना तैयार की गई है, जो कि वैश्विक जैव विविधता रणनीतिक योजना 2011-20 के अनुकूल है। इसे 2010 में कन्वेंशन ऑन बायोलॉजिकल डायवर्सिटी की बैठक में स्वीकार किया गया। भारत में जैव विविधता व संबंधित ज्ञान के संरक्षण के लिए वर्ष 2002 में जैव विविधता एक्ट तैयार किया गया। इस एक्ट के क्रियान्वयन के लिए त्रि-स्तरीय संस्थागत ढांचे का गठन किया गया है। एक्ट की धारा 8 के तहत सर्वोच्च स्तर पर वर्ष 2003 में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण का गठन किया गया, जिसका मुख्यालय चेन्नई में है। यह एक वैधानिक निकाय है, जिसकी मुख्य भूमिका विनियामक व परामर्श प्रकार की है।

राज्यों में राज्य जैव विविधता प्राधिकरण की भी स्थापना की गई है। स्थानीय स्तर पर जैव विविधता प्रबंध समितियों (बीएमसी) का गठन किया गया है। एनबीए के डेटा के अनुसार, देश के 26 राज्यों ने राज्य जैव विविधता प्राधिकरण एवं जैव विविधता प्रबंध समितियों का गठन किया है। जहां वर्ष 2016 में बीएमसी की संख्या 41,180 थी, जो वर्ष 2018 में बढ़कर 74,575 हो गई। अकेले महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश में ही 43,743 बीएमसी का गठन किया गया है। इन समितियों का उद्देश्य देश की जैव विविधता एवं संबंधित ज्ञान का संरक्षण, इसके सतत उपयोग में मदद करना तथा यह सुनिश्चित करना कि जैविक संसाधनों के उपयोग से जनित लाभों को उन सबसे उचित व समान रूप से साझा किया जाए, जो इसके संरक्षण, उपयोग एवं प्रबंधन में शामिल हैं।

> *संयुक्त राष्ट्र ने 2021-30 को ईको सिस्टम रेस्टोरेशन का दशक घोषित किया है। इस लिहाज से ये विश्वव्यापी चिंताओं का भी समय है, जब दुनिया के लोगों के सामने अपने उन कुदरती ईको सिस्टमों का पुनरुद्धार करने की चुनौती है, जो विभिन्न कारणों से नष्ट हो रहे हैं।*

जहां तक राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण की बात है, तो यह देश में जैव विविधता के संरक्षण के लिए दी गई भूमिका का बखूबी पालन कर रहा है। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अनुसार, राष्ट्रीय जैव विविधता कार्रवाई योजना का क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण है। इसके सफल क्रियान्वयन में लोगों की भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। केरल के वायनाड जिले में एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन का सामुदायिक कृषि जैव विविधता केंद्र इस बात का बेहतरीन उदाहरण पेश करता है कि कैसे स्थानीय स्वशासन को सुदृढ़ करने से स्थानीय विकास योजनाओं में जैव विविधता संरक्षण को समन्वित किया जा सकता है। भारत के राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की मदद से ग्रामीणों की आजीविका में बेहतरी के नए मानदंड स्थापित किए हैं।

जैव विविधता पर कन्वेंशन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए व्यापक कानूनी और संस्थागत प्रणाली स्थापित करने में भारत काफी आगे रहा है। आनुवांशिक संसाधनों को लोगों के लिए उपलब्ध कराना और लाभ के निष्पक्ष, समान बंटवारे के कन्वेंशन के तीसरे उद्देश्य को जैव विविधता अधिनियम 2002 और नियम 2004 के तहत लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण कन्वेंशन के प्रावधान लागू करने के अपने काम के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। इसकी पहुंच बढ़ाने और लाभ साझाकरण प्रावधानों के संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के जैव विविधता रजिस्टर और जैव विविधता प्रबंधन समितियों का नेटवर्क तैयार किया जाता है। 2002 के अधिनियम के आधार पर बनी जैव विविधता प्रबंधन समितियां स्थानीय स्तर की वैधानिक निकाय हैं, जिनमें लोकतांत्रिक चयन प्रक्रिया के तहत कम से कम दो महिला सदस्यों की भागीदारी जरूरी होती है। संयुक्त राष्ट्र ने 2021-30 को ईको सिस्टम रेस्टोरेशन का दशक घोषित किया है। इस लिहाज से ये विश्वव्यापी चिंताओं का भी समय है, जब दुनिया के लोगों के सामने अपने उन कुदरती ईको सिस्टमों का पुनरुद्धार करने की चुनौती है, जो विभिन्न कारणों से नष्ट हो रहे हैं। जाहिर है इस व्यापक चिंता से भारत के लोग भी अलग नहीं रह सकते। बहुत तेज गति वाली आर्थिक वृद्धि और विकास नियोजन में पर्यावरणीय चिंताओं को इंटीग्रेट न कर पाने की सीमाओं या कमजोरियों या दूरदर्शिता के अभाव के चलते भारत की जैव विविधता पर भी अनावश्यक और अतिरिक्त दबाव पड़ रहे हैं। ऐसे में संरक्षण की हर स्तर की पहल स्वागत योग्य है। खासकर ये ध्यान रखते हुए कि जैव संपदा और मनुष्य अस्तित्व के बीच सीधा और गहरा नाता है। जैव विविधता के इस केंद्र में भारत की वह करीब पचास फीसदी आबादी भी आती है, जो गरीबी रेखा से नीचे बसर करती है और इनमें अनुसूचित जनजातियों के अधिकांश वही लोग शामिल हैं, जंगल जिनका घर है और जंगल से जिनका रिश्ता अटूट है। यही लोग जैव विविधता के नैसर्गिक पहरेदार हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### चुनाव में अच्छे मतदान प्रतिशत की कवायद

# प्रवासी मतदाताओं का मतदान जरूरी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक का लोकसभा में कांग्रेस व अन्य दलों ने विरोध करते हुए कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है।*

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान लगभग 61.66 प्रतिशत रहा। तमाम प्रयासों के बावजूद निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक देश में हुए मतदान का प्रतिशत 60 के करीब रहा है। अंतिम सातवें चरण का मतदान शेष है। यह मतदान भी लगभग 60 के करीब रहेगा। छठे चरण में लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बावजूद पूर्ण के करीब मतदान नहीं होने का प्रमुख कारण चालीस से पैंतालीस करोड़ के बीच वे प्रवासी मतदाता हैं, जो मतदान के दिन मूल निवास स्थल पर उपस्थित नहीं रह पाते हैं। अतएव इन मतदाताओं को भी जहां हैं, वहीं मतदान करने की सुविधा मिल जाए तो मतदान का औसत प्रतिशत 90 से ऊपर पहुंच सकता है? इस नजरिए से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएस) तैयार किया है। इस मशीन की मदद से मूल मतदान स्थल से दूर रह रहे किसी दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। यानी मतदान के लिए उन्हें अपने मूल निवास स्थल पर आने की जरूरत नहीं रह जाएगी।

आयोग ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए आरवीएस मशीन विकसित कर उल्लेखनीय पहल की है। इसकी जरूरत इसलिए थी, क्योंकि बड़ी संख्या में देश के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते हैं। इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में करीब 30 करोड़ यानी 67.4 प्रतिशत लोग इन्हीं कारणों के चलते अपने मत का उपयोग नहीं कर पाए थे। ऐसा लोकसभा और विधानसभा दोनों ही चुनावों में होता है। चुनाव विशेशज्ञों का तो यहां तक मानना है कि करीब 45 करोड़ लोग पलायन के चलते मतदान से वंचित रह जाते हैं। इसलिए लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि इन देशज प्रवासियों के मतदान का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला जाना चाहिए। इसी नजरिए से आयोग ने इन प्रवासियों के लिए आरवीएम प्रणाली शुरू करने का प्रस्ताव पेश किया है। इस सिलसिले में आयोग ने दावा किया है कि यह मशीन त्रुटिहीन बनाई गई है, इसलिए मतदान निष्पक्ष होगा। हालांकि मतदान की इस प्रक्रिया को इंटरनेट से नहीं जोड़ा जाएगा। आयोग फिलहाल इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता है, जिससे इसके प्रयोग की निष्पक्षता स्पष्ट हो जाए। बाद में इसे पूरे देश में अनिवार्य बना दिया जाएगा। अनेक चुनाव विशेषज्ञ इस प्रणाली को एक क्रांतिकारी पहल मानकर चल रहे हैं।



देश में निसंदेह एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो अपना घर और शहर छोड़कर आजीविका के लिए दूसरे शहरों या राज्यों में रह रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में युवा हैं। हालांकि इनका कोई एकीकृत आंकड़ा देश और आयोग के पास नहीं है। फिर भी सब जानते हैं कि बड़ी संख्या में प्रवासी मतदाता हैं। ये लोग नई जगह पहुंचने के बाद नया वोटर पंजीयन भी नहीं कराते हैं। नतीजतन मतदान से वंचित रहते हैं। इन्हें जहां रह रहे हैं, वहीं मतदान की सुविधा मिल जाए, इस नजरिए से आरवीएम की परिकल्पना की गई है। आईआईटी मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएम' के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस साल होने वाले 9 राज्यों के चुनाव में इसका प्रयोग संभव हो पाएगा? लेकिन भविष्य में इसका प्रयोग होना तय है। 2023 में जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव होना संभावित हैं। यदि यहां इस मशीन का इस्तेमाल होता है तो घाटी के उन घरेलू प्रवासियों को मतदान की सुविधा मिल जाएगी, जो लाखों की संख्या में जम्मू समेत दिल्ली एवं अन्य राज्यों व नगरों में रह रहे हैं। ऐसा होता है तो उन अलगाववादी राजनीतिक दलों को बड़ी चुनौती पेश आएगी, जो अत्यंत सीमित मत प्रतिशत से सरकार बनाकर सत्ता का लाभ उठाकर संवैधानिक लोकतंत्र का मजाक उड़ाते रहे हैं।

हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल तो इस मशीन के प्रयोग पर किसी भी स्थिति में राजी नहीं होंगे, क्योंकि वे जानते हैं कि घाटी से पलायन करने वाले करीब पांच लाख विस्थापितों को मतदान की आसान सुविधा मिल गई तो चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है। हालांकि जब भी चुनाव सुधार की दृष्टि से जो भी उपाय सामने लाया जाता है, तो विपक्ष उसका विरोध करता ही है। जब ईवीएम से मतदान अनिवार्य किया गया था, तब भी इसकी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए गए थे। आज भी जो दल चुनाव में हार जाता है, वह ईवीएम में गड़बड़ी के सवाल उठा देता है, लेकिन यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है, क्योंकि निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के अभियान चलाए जाने के बावजूद अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 50 प्रतिशत से भी कम देखने में आ रहा है। इस नाते जन-प्रतिनिधित्व का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। अतएव इसे दूर करना आयोग समेत राजनीतिक दलों का नैतिक और संवैधानिक दायित्व बनता है कि वे उन मतदाताओं का मतदान कराएं, जो अनेक जरूरी कारणों से देश में ही प्रवासी बने हुए हैं। बावजूद आरवीएम व्यवस्था यदि इस्तेमाल से वंचित रह जाती है तो यह उन करोड़ों लोगों के साथ अन्याय होगा, जो मतदाता होते हुए भी अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे, लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। मतदान की अनिवार्यता अथवा आरवीएम से सुविधा का मतदान कथित अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को 'वोट बैंक' की लाचारगी से भी छुटकारा दिलाएगी। राजनीतिक दलों को भी तुष्टीकरण की राजनीति से निजात मिलेगी। क्योंकि जब प्रवासियों को आरवीएम से मतदान की सुविधा मिल जाएगी तो किसी धर्म, जाति या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत अथवा हार को प्रभावित नहीं कर पाएगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की जरूरत नगण्य हो जाएगी। जब पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की छाया थी, तब वहां हुए विधानसभा चुनावों में 15 से लेकर 20 प्रतिशत मतदान से ही सरकारें बनती रही हैं। साफ है, यह स्थिति लोकतंत्र के लिए उचित नहीं रही। इससे खासतौर से जम्मू-कश्मीर में तीन दशक अलगाववाद और आतंकवाद का पोषण होता रहा। अतएव अधिकतम मतदान के हालात आरवीएम के इस्तेमाल से निर्मित होते हैं तो भारतीय राजनीति संविधान के उस सिद्धांत का पालन करने को विवश होगी, जो सामाजिक न्याय और समान अवसर की वकालात करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# पुरस्कार का जुगाड़



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं- पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है? जबकि वे बिना योगदान के मात्र मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। पुस्तक ऐतिहासिक हो-साहित्य का पुरस्कार आराम से मिल जाएगा। आजकल तो एक और नया चलन चला है कि पुरस्कार पाठ्य पुस्तकों पर भी दिया जाने लगा है। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गई है। प्रश्न दिए गए हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने-जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा, लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है।

पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूं। अब बताइए कि मैं लेखक हूं और अपने आपको लेखक समझता हूं तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूं तभी तो पुरस्कार गांग रहा हूं। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है, लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है- सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है।

मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनाई और जब पुरस्कार की बारी आई तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूलकर कुप्पा हो गए थे। मैंने कहा-'अमां यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते बताए।' वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-'अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है?'

'अरे हां भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्यपुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ।' मैंने कहा! वे बोले-'शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले- यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता? मुंह में आया बताशा कौन छोड़ता है।'

'इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। उधर यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी।'

'देखिए शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था! विचारधारा के मामले में तो आप जानते ही हैं- मैं जैसी हवा चलती है, विचारधारा वैसी ही बना लेता हूं। इतिहास को पढ़कर कुछ लिखने का मन बना और उधर इसी वर्ष पुरस्कार का ऑफर आ गया। सोचा, बहती गंगा में हाथ धो लेने में हर्ज क्या है?' वे बोले।

### नॉलेज कॉर्नर: भारत में वाहनों की 8 अलग-अलग तरह की नंबर प्लेट

# हर वाहन की नंबर प्लेट का अलग-अलग मतलब

आपने अलग-अलग तरह के वाहनों के लिए अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट देखे होगी। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इन रंगों का मतलब क्या होता है। बहरहाल, आपको बता दें कि विभिन्न प्रकार के नंबर प्लेट का वाहन के प्रकार के आधार पर अलग-अलग अर्थ होता है। वाहन रजिस्ट्रेशन प्लेट या नंबर प्लेट संबंधित राज्य के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा जारी किया जाता है और इसे वाहन के आगे और पीछे के हिस्से में ऐसे लगाने को कहा जाता है ताकि वह साफ़-साफ़ दिख सके। आज के नॉलेज में कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं वाहनों में लगने वाली नंबर प्लेट के बारे में।

#### नंबर प्लेटों के प्रकार

**सफेद नंबर प्लेट:** काले अक्षर वाला सफेद नंबर प्लेट, वाहन रजिस्ट्रेशन प्लेट का सबसे आम प्रकार है। इन नंबर प्लेट वाली कारों का इस्तेमाल सिर्फ़ निजी उद्देश्यों के लिए किया जाता है। दूसरे शब्दों में, इन वाहनों का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता है। जैसे, माल परिवहन और यात्रियों को ढोने के लिए।

**पीली नंबर प्लेट:** पीली नंबर प्लेट पर काले रंग का टेक्स्ट पैटर्न होता है। इन वाहन रजिस्ट्रेशन प्लेट का इस्तेमाल सिर्फ़ व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। कृपया ध्यान दें, ऐसे वाहनों को चलाने के लिए ड्राइवर के पास कमर्शियल ड्राइविंग परमिट होना चाहिए।

**हरे रंग का नंबर प्लेट:** अगर आपको सड़कों पर हरे रंग की नंबर प्लेट दिखता है तो सुनिश्चित कर लें कि ये नंबर प्लेट इलेक्ट्रिक कारों के हैं। ये सड़क पर चलने वाली कानूनी रूप से वैध इलेक्ट्रिक बसों के साथ-साथ, व्यावसायिक इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल में आते हैं।

**ब्लैक नंबर प्लेट:** ये नंबर प्लेट लग्जरी होटल ट्रांसपोर्ट के तौर पर काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा, इन कारों को व्यावसायिक वाहनों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।




#### तीर के निशान के साथ नंबर प्लेट

अगर आपने किसी सैन्य वाहनों को करीब से देखा है, तो आप पाएंगे कि वाहन से जुड़े नंबर प्लेट की एक अनूठी शैली है। उन प्लेटों पर मिले नंबर रक्षा मंत्रालय के तहत पंजीकृत होते हैं। लाइसेंस प्लेट के प्रकार के पहले और तीसरे ऊपर की ओर इशारा करने वाले तीर को ब्रॉड एरो के रूप में जाना जाता है। ये ऊपर की ओर इशारा करने वाले तीर ब्रिटिश राष्ट्रमंडल के कई हिस्सों में उपयोग किए जाते हैं। तीर के ठीक बाद के दो अंक सैन्य वाहन की खरीद के वर्ष को इंगित करते हैं। इसके बाद बेस कोड आता है।

#### इस खास रंग की नंबर प्लेट को भी जानें

*सफेद अक्षरों वाली नीले रंग की नंबर प्लेट, संबंधित प्राधिकरण द्वारा विदेशी राजनयिकों के लिए आरक्षित वाहन को जारी की जाती है। इन नंबर प्लेट में डीसी (डिप्लोमैटिक कॉर्प्स), सीसी (कॉन्सुलर कॉर्प्स), यूएन (यूनाइटेड नेशंस) जैसे अक्षर लिखे होते हैं।* *कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर*

#### X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
पूरा देश देख रहा है कि अपने वोट बैंक के तुष्टिकरण की कलई खुलने पर TMC अब न्यायपालिका का ही गला घोंटने पर उतर आई है।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री, दिल्ली
@ArvindKejriwal
2014 में मोदी जी ने कहा कि वे देश के प्रधान सेवक हैं। 2019 में उन्होंने कहा कि वे चौकीदार हैं। अब 2024 में मोदी जी कह रहे हैं कि वे अपनी माँ की कोख से पैदा नहीं हुए, बल्कि वे भगवान के अवतार हैं। उनकी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी भी मोदी जी के भक्त हैं। क्या RSS भी मानता है कि मोदी जी भगवान के अवतार हैं? RSS अपना रुख साफ करे।

### बिहार में अंतिम चरण की 8 सीटों पर राजग और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने झोंकी पूरी ताकत

# राजग रिकॉर्ड बचाने की जुगत में, महागठबंधन जीत की फिराक में

एजेंसी | पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव में छह चरणों के मतदान के बाद अब सातवें व अंतिम चरण में राज्य की 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और इसके लिए भाजपा नीत राजग और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने पूरी ताकत झोंक रखी है।अधिकतर सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है, लेकिन कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने की वजह से लड़ाई दिलचस्प है। कुछ सीटें ऐसी हैं जो भाजपा के लिए नाक का सवाल है, कुछ पर राजद की साख दांव पर लगी है। अंतिम चरण की सीटों को लेकर इंडिया गठबंधन के नेता खासे उत्साहित हैं। वे साझा तौर पर ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं कर रहे हैं। वहीं, भाजपा की ओर से पीएम मोदी के अलावा अन्य कई दिग्गज नेता चुनाव प्रचार अभियान को गति दे रहे हैं। अंतिम चरण में आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट



और जहानाबाद में एक जून को मतदान होना है। इसमें से इंडिया गठबंधन यानी कि राजद नीत महागठबंधन भाजपा को सीधी टक्कर देने के लिए मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। नालंदा, आरा और काराकाट लोकसभा सीट पर भाकपा माले के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जबकि पाटलिपुत्र, बक्सर और जहानाबाद लोकसभा संसदीय सीट राजद के कोटे में है। सासाराम और पटना साहिब सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। राजग के सामने अपना रिकॉर्ड बचाने की चुनौती है तो महागठबंधन उस रिकॉर्ड को ध्वस्त करने की जुगत में है।

#### दिलचस्प हैं मुकाबले

नालंदा हो, पटना साहिब हो, पाटलिपुत्र हो या फिर दूसरी कोई सीट राजग का यहां 10 वर्षों से जादू रहा है। नालंदा संसदीय सीट की बात करें तो 2014 और 2019 में जदयू के कौशलेंद्र कुमार के आगे किसी की नहीं चली। इस बार इस सीट पर जदयू बनाम भाकपा माले के बीच लड़ाई है। पाटलिपुत्र सीट पर राजद पिछले दोनों चुनावों में भाजपा के रामकृपाल को पराजित नहीं कर सका था। इस बार भी राजद ने रामकृपाल के सामने लालू यादव की बेटी मीसा भारती को प्रत्याशी बनाया है। मुकाबला दिलचस्प है। पटना साहिब सीट की बात की जाए तो यहां से लगातार भाजपा विजयी होती रही है। 2014 में शत्रुघ्न सिन्हा ने भाजपा के टिकट पर कांग्रेस के कुणाल सिंह को हराया। 2019 में भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के शत्रुघ्न को पराजित किया था। इस बार भाजपा प्रत्याशी रविशंकर के मुकाबले महागठबंधन ने कांग्रेस की बड़ी नेता मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अभिजीत को मैदान में उतारा है। आरा में 2014 और 2019 में आरके सिंह भाजपा की विजय दीवार की तरह खड़े रहे और उन्होंने 2014 में राजद उम्मीदवार भगवान सिंह कुशवाहा और 2019 में राजद समर्थित सीपीआई एमएल उम्मीदवार राजू यादव को पराजित किया।इस बार फिर आरके सिंह के सामने भाकपा माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद मैदान में है। इन सीटों के साथ ही बक्सर, सासाराम, जहानाबाद और काराकाट का इतिहास भी कुछ अलग नहीं रहा है।

## लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं बिहार को राजद वाले



**पटना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बिहार के पटना साहिब लोक सभा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान महागठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि राजद एक बार फिर से बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहती है।। 2017 के पहले यही स्थिति यूपी में थी, लेकिन सात सालों में एक भी दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों की जमीन पर कब्जा किया था, एक-एक कर सभी को मुक्त कराया गया, नहीं तो बुलडोजर चला दिए गए। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस-राजद के शासनकाल में सुबह की शुरूआत घोटालों से होती थी और शाम होते-होते बड़ी ब्लास्ट की खबर आती थी। आज मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद दोनों का सफाया कर दिया है।

## डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं उदयनिधि स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को जून के दूसरे सप्ताह में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान राज्य का उप मुख्यमंत्री नियुक्त किए जाने की संभावना है। इसके साथ ही अन्नाद्रमुक के मजबूत गढ़ सलेम जिले से एकमात्र द्रमुक विधायक पनामाराथुपट्टी राजेंद्रन को मंत्रिमंडल में स्थान दिया जा सकता है। विधानसभा सत्र में विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर बहस प्रमुख एजेंडा होगी। यह लोकसभा चुनावों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अटक गई हैं। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अनुदान की मांगों पर बहस के दौरान कुछ बड़ी घोषणाएं की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद त्रिशंकु संसद की संभावना में द्रमुक केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने में प्रमुख भूमिका निभाएगी।

### पश्चिम बंगाल में गरजे पीएम मोदी... टीएमसी पर साधा निशाना

# TMC नेताओं के पास मिले नोटों के पहाड़...1-1 रुपए का होगा हिसाब

■ **यह किया वादा...** जिसने खाया है, उससे बाहर निकालूंगा और जिसका खाया है, उसको लौटाऊंगा

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में आखिरी चरण के मतदान के पहले सियासी घमासान और तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर 24-परगना में चुनाव सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीएमसी के नेताओं के पास जो नोटों के पहाड़ निकले हैं... एक-एक रुपए का हिसाब होगा। अब तक लगभग 17,000 करोड़ रुपए मैं उन लोगों को लौटा चुका हूं , जिनसे पैसा लूटा गया था। पश्चिम बंगाल में भी आपका लूटा हुआ धन आपको वापस मिले उनके लिए मैं पूरी कोशिश कर रहा हूं। पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना में मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण टीएमसी ने सीएए के खिलाफ झूठ फैलाया है। लेकिन आज पूरा देश देख रहा है कि सैकड़ों शरणार्थियों को नागरिकता मिल गई है। ये नागरिकता देश का संविधान दे रहा है। उन्होंने कहा, मैं आपको एक और गारंटी दूंगा कि टीएमसी तो क्या, दुनिया की कोई भी




ताकत सीएए लागू होने से नहीं रोक सकती। 10 साल पहले जब आपने मुझे अवसर दिया था, तो मैंने पूरे देश को गारंटी दी थी कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। अब मोदी देश को और विशेषकर पश्चिम बंगाल को एक और बड़ी गारंटी दे रहा है - जिसने खाया है, उससे बाहर निकालूंगा और जिसका खाया है, उसको लौटाऊंगा। उन्होंने कहा कि टीएमसी सच्चाई को बर्दाश्त नहीं कर सकती है। जो कोई भी तृणमूल का सच सामने लाने की कोशिश करता है उसे पार्टी की ओर से निशाना बनाया जाता है। तृणमूल के विधायक ने कहा कि हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। इसे लेकर बंगाल के साधुओं ने विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया टीएमसी अपनी गलती सुधारे। मगर, तृणमूल ने रामकृष्ण मिशन, इस्कॉन, भारत सेवाश्रम संघ जैसे महान संस्थानों के संतों को अपमानित करना शुरू कर दिया। यह सब अपने वोट बैंक को खुश करने और वोट जिहाद को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने हाल ही कहा था कि हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि देश में संविधान... संविधान... संविधान... तानाशाही... तानाशाही... तानाशाही चिल्लाने वालों की जमात यहां बंगाल में आकर देखो कि यहां पर क्या हो रहा है। आपकी बोलती बंद हो जाएगी।

#### सबसे पहले झारखंड में आया लव जिहाद शब्द

उन्होंने लव जिहाद और शुक्रवार को छुट्टी पर कहा, मुझे हमारे साथी बता रहे थे कि लव जिहाद शब्द सबसे पहले झारखंड में आया। झारखंड वालों ने यह शब्द दिया है। अब देखिए हमारे देश में रविवार को छुट्टी होती है, कभी अंग्रेज जब यहां राज करते थे, तो ईसाई समाज होलीडे मनाता है, तभी से रविवार को छुट्टी वाली परंपरा शुरू हुई। रविवार हिंदुओं से नहीं ईसाई समाज से जुड़ा हुआ है। 200-300 साल से यह चल रहा है। उन्होंने एक जिले में रविवार की छुट्टी पर ताले लगवा दिए और बोले अब शुक्रवार को छुट्टी होगी। ज्ञात रहे कि वर्ष 2022 में झारखंड के कुछ सरकारी स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी होने लगी थी। ऐसा बताया गया कि स्थानीय लोगों के दबाव के चलते स्कूलों ने यह फैसला लिया था।

#### आखिर चरण के मतदान से पहले कन्याकुमारी में ध्यान लगाएंगे मोदी

लोकसभा चुनाव का प्रचार समाप्त होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी साधना में लीन होंगे। वह कन्याकुमारी स्थित रॉक मेमोरियल पर एक दिन और एक रात ध्यान लगाएंगे। यह वही स्थान है, जहां कभी स्वामी विवेकानंद ने ध्यान साधना की थी। पीएम नरेंद्र मोदी ध्यान मंडपम में 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान लगाएंगे। पहले भी पीएम नरेंद्र मोदी ध्यान साधना करते रहे हैं। केदारनाथ में भी उन्होंने ध्यान लगाया था। एक मान्यता है कि देवी पार्वती ने भी भगवान शिव की प्रतीक्षा में यहां एक पैर पर खड़े होकर ध्यान लगाया था। भारत का यह दक्षिणतम हिस्सा है और यहीं पर पूर्वी और पश्चिमी तट आकर मिलते हैं। हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के संगम का भी यही स्थान है। इस तरह भारतीय मान्यताओं के लिहाज से यह स्थान बेहद पवित्र है। पीएम नरेंद्र मोदी इस स्थान से राष्ट्रीय एकता का भी संदेश देंगे।

**विपक्षी गठबंधन के सामने रखी दो मांगें**

पीएम मोदी ने कहा, मैंने इंडी वालों से एक मांग की है। मैं इनसे कहता हूं कि आप लिखित में देश को विश्वास दो कि आप दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण नहीं छीनेंगे। दूसरा, आप संविधान बदल कर के मुसलमानों को आरक्षण नहीं दोगे। तीसरा, रातोंरात मुसलमानों को ओबीसी बनाकर, ओबीसी का आरक्षण जो आपने कर्नाटक में लूट लिया है, हिंदुस्तान में ऐसा और कहीं नहीं करोगे। यह लिखकर दो... वो बोलने को तैयार नहीं है।

#### SC- ST- OBC आरक्षण के लिए जान की बाजी लगा दूंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड के दुमका में जनसभा में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की देश विरोधी राजनीति का एक खतरनाक फॉर्मूला है। उनका फॉर्मूला है कि घोर सांप्रदायिक राजनीति करो, घोर तुष्टीकरण की राजनीति करो, अलगाववादियों को संरक्षण दो, आतंकवादियों का बचाव करो और जो उसका विरोध करे उस पर हिंदू-मुसलमान करने का आरोप लगा दो। इंडिया गठबंधन वाले धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देते हैं। मोदी कहता है... मैं एससी, एसटी और ओबीसी को जो आरक्षण मिला है, उसकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। उन्होंने कहा,मैं इंडी गठबंधन वालों को कहता हूं... जब तक मोदी जिंदा है, आप आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर के मुसलमानों को नहीं दे सकते हैं। ये मैं आपको साफ कहता हूं। मैं जब इनके घोर सांप्रदायिक नकाब को उतार देता हूं, इनकी आदिवासी विरोधी हरकतों को उजागर करता हूं तब इनको रात को नींद नहीं आती है। यह कहते हैं कि मोदी हिंदू-मुसलमान कर रहा। इन्हें लगता है कि मोदी कि छवि पर कीचड़ उछालेंगे तो मोदी डर डाएगा।

### शराब नीति घोटाला

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई से SC का इनकार

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली शराब नीति घोटाले में जमानत पर बाहर चल रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत अवधि बढ़वाने की याचिका पर जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने स्वास्थ्य आधार पर अपनी जमानत अवधि को सात दिन बढ़वाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी सिंघवी ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, जिससे कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि जब जस्टिस दत्ता की पीठ पिछले हफ्ते बैठी हुई थी, तब याचिका क्यों दायर नहीं की गई थी? जस्टिस जे के माहेश्वरी और जस्टिस के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने केजरीवाल की अंतरिम याचिका को स्वयं सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, जब जस्टिस दत्ता पिछले सप्ताह अवकाश पीठ में बैठे थे, आपने तब इसका उल्लेख क्यों नहीं किया? सीजेआई को निर्णय लेने दें क्योंकि यह औचित्य का मुद्दा उठाता है... हम इसे सीजेआई को भेजेंगे। इस पर सिंघवी ने कहा कि चिकित्सकीय परामर्श परसों मिला था और इसलिए पिछले सप्ताह अवकाशकालीन पीठ के समक्ष इसका उल्लेख नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा, अगर इसे डिजिटल माध्यम से भी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाता है तो भी कोई आपत्ति नहीं है।

#### धनशोधन के मामले में फैसला सुरक्षित

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी द्वारा दाखिल पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के संबंध में फैसला चार जून के लिए सुरक्षित रख लिया। ईडी ने आरोप पत्र में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी शासित पंजाब के उन व्यापारियों को (जिन्होंने भुगतान नहीं किया था) पड़ोसी राज्य में उनके उद्यमों से बाहर कर दिया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल और उनकी पार्टी कथित घोटाले से जुड़े हुए थे। ईडी ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल घोटाले के 'किंगपिन और मुख्य साजिशकर्ता' हैं, जिसमें अन्य आप नेता भी शामिल हैं।

## चार जून को नवीन पटनायक CM नहीं रहेंगे: अमित शाह

**भद्रक/जाजपुर (ओडिशा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुटकी लेते हुए कहा कि नवीन पटनायक चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 147 सदस्यीय विधानसभा में 75 से अधिक सीट हासिल कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। शाह ने भद्रक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदबाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 17 सीट पर जीत हासिल करेगी। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अगला मुख्यमंत्री उड़िया भाषा में पारंगत हो और राज्य की भाषा, संस्कृति तथा परंपरा को समझता हो। स्पष्ट रूप से पटनायक के करीबी सहयोगी एवं बीजद के नेता वी के पांडियन के संदर्भ में कहा, क्या 'तमिल बाबू' को पर्दे के पीछे से सरकार चलानी चाहिए...।

### यूपी: साझा रैलियों में गरजे राहुल गांधी और अखिलेश यादव... भाजपा पर बरसे

# हमारी सरकार बनी तो हटा देंगे आरक्षण से 50 % की सीमा: राहुल

एजेंसी | वाराणसी/देवरिया

लोकसभा चुनाव के अंतिम व सातवें चरण के मतदान के पूर्व उत्तर प्रदेश में सियासी पारा और चढ़ गया है। भाजपा नीत राजग व विपक्षी गठबंधन इंडिया ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को एक चुनावी रैली में भाजपा पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करने की तैयारी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार में आते ही 30 लाख नौकरियां युवाओं



के हवाले कर देगी। राहुल गांधी मंगलवार को बांसगांव के रूद्रपुर में और वाराणसी में 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त रैली को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि भाजपा आरक्षण को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज आरक्षण को 50 प्रतिशत तक की सीमा पर रखा गया है। इंडिया गठबंधन ने अपने घोषणा पत्र में साफ लिखा है कि हमारी सरकार आएगी तो इस 50 प्रतिशत की सीमा को हम हटा देंगे।

#### सेना के जवानों को मजदूर बना दिया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने केन्द्र सरकार की अग्निवीर योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अग्निवीर योजना सेना की योजना नहीं है। यह योजना मोदी सरकार की योजना है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार नरेन्द्र मोदी ने सेना के जवानों को मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़ेदान में फेंकने वाली है।

#### लोकसभा चुनाव विचार-धाराओं की लड़ाई

राहुल गांधी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ इंडिया गठबंधन और संविधान है और दूसरी तरफ वे लोग हैं जो इस संविधान को रद्द करना चाहते हैं। भाजपा के नेताओं ने खुलकर कहा है कि हमारी सरकार आएगी तो हम संविधान को खत्म कर देंगे। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि आपकी सरकार नहीं आएगी। उन्होंने कहा, मैं हिंदुस्तान के सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि इंडिया गठबंधन दिल से, जान से, खून से संविधान की रक्षा करेगा। हम एक इंच पीछे नहीं हटेंगे। मर जाएंगे, कट जाएंगे लेकिन संविधान को हम नहीं बदलने देंगे।

**पीएम मोदी को अडाणी-अंबानी की मदद के लिए भेजा**

राहुल ने पीएम मोदी की बायोलॉजिकल वाली टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि परमात्मा ने उन्हें हिंदुस्तान भेजा है। मगर (परमात्मा ने) उनको अडाणी -अंबानी की मदद करने के लिए भेजा है। परमात्मा ने उन्हें किसानों और मजदूरों की मदद करने के लिए नहीं भेजा है। जातिवार जनगणना करवाने के लिए नहीं भेजा। यह अजीब सी बात है। राहुल ने कहा कि परमात्मा की बात हो रही है, तो आपने राम मंदिर का उद्घाटन देखा है? राम मंदिर के उद्घाटन में एक भी पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति, एक भी दलित, एक भी किसान, एक भी मजदूर नहीं था। वहां अंबानी-अडाणी की सूची लगी थी।

#### यह संविधान बचाने का चुनाव

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, हर जगह भ्रष्टाचार बढ़ा, निवेश के नाम पर सपने दिखाए, कहां निवेश जमीन पर पहुंचा? इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर बड़े बड़े लोगों से चंदा वसूला, जिसकी वजह से महंगाई है। अखिलेश ने कहा ये चुनाव हमारा, आपका तो है ही, ये भविष्य की पीढ़ी का चुनाव है और ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। ये संविधान हमारी संजीवनी है। रोटी, कपड़ा और मकान, से भी पहले हमें संविधान बचाना है।

## जरूरी खबर

### पोर्श मामला: पिता व दादा की हिरासत बढ़ाई

**पुणे।** पुणे की एक कोर्ट ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल एक किशोर के पिता को 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कार्रवाई परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में की गई है। अदालत ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) ए.ए. पांडे के समक्ष पेश किया गया। दोनों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 365 (अपहरण) और 368 (गलत तरीके से छिपाना या बंधक बनाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

### बिभव फिर तीन दिन की पुलिस हिरासत में



**नई दिल्ली।** अदालत ने आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को फिर तीन दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। बिभव की चार दिन की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल की अदालत में पेश किया गया था। पुलिस ने बिभव की हिरासत पांच दिन की मांगी थी, लेकिन मजिस्ट्रेट ने तीन दिन का समय दिया। अब उन्हें 31 मई को पेश किया जाएगा। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की लिखित शिकायत के बाद कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

### सावरकर को बदनाम करने के आरोप में सच्चाई

**पुणे।** पुणे पुलिस ने कहा कि विनायक दामोदर सावरकर के पोते सात्यकी अशोक सावरकर की ओर से राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल शिकायत में पहली नजर में सच्चाई है। शिकायत में कांग्रेस नेता पर 2023 में लंदन में अपने भाषण में हिंदुत्व विचारक का अपमान करने का आरोप लगाया है। सात्यकी के वकील संग्राम कोल्हटकर ने कहा कि पुलिस ने अदालत में सोमवार को सौंपी गई एक रिपोर्ट में यह जिक्र किया है। अदालत राहुल को पेश होने के लिए कह सकती है। सात्यकी ने अप्रैल 2023 में मानहानि का केस दर्ज कराया था।

## पर्वतारोहण अभियान पर एनसीसी कैडेट




*नई दिल्ली। राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने मंगलवार को माउंट कांग यात्से-II चोटी पर चढ़ाई के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के लड़कों और लड़कियों के पर्वतारोहण अभियान नई दिल्ली में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह चोटी लद्दाख क्षेत्र में20,505 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। वर्ष 1970 के बाद से यह एनसीसी कैडेट्स का 87वां पर्वतारोहण अभियान है।*

### रबर फैक्ट्री में आग, 40 से अधिक झुलसे



**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में एक रबर बेल्ट बनाने वाली फैक्ट्री में मंगलवार को भीषण आग लग गई। जिससे 40 से अधिक मजदूरों के झुलसने की खबर है। हरियाणा के सोनीपत के राई औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को रबर बेल्ट बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई।

बताया जा रहा है फैक्ट्री के बॉयलर फटने के बाद आग लग गई। अचानक आग की पलट उठने से फैक्ट्री में काम कर रहे करीब 40 मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। फैक्ट्री में भीषण आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भेजा गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने स्वीकार की गलती

# पाक ने किया था वाजपेयी के साथ हुए समझौते का उल्लंघन

**एजेंसी | नई दिल्ली/ लाहौर**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने मंगलवार को बड़ा खुलासा किया। उन्होंने पाकिस्तान की धोखेबाजी को स्वीकार करते हुए कहा कि उनके देश ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ किए गए समझौते का उल्लंघन किया था। नवाज शरीफ का इशारा 1999 में हुए करगिल युद्ध की ओर था, जब सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना ने भारतीय इलाकों पर कब्जा करने की कोशिश की थी। नवाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान ने 1999 में उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा हस्ताक्षरित भारत के साथ




समझौते का उल्लंघन किया था। शरीफ ने अपनी पार्टी पीएमएल-एन की मंगलवार को हुई एक बैठक में कहा, 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए। उसके बाद वाजपेयी साहब यहां आए और हमारे साथ एक समझौता किया। लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया...यह हमारी गलती थी। लाहौर में एक ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, नवाज शरीफ और अटल बिहारी वाजपेयी ने 21 फरवरी, 1999 को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। यह द्विपक्षीय समझौता और शासन संधि थी, जिसमें दोनों देशों ने सहमति व्यक्त की कि वे 1998 के बाद कोई और परमाणु परीक्षण नहीं करेंगे। इसके अलावा, दोनों देशों ने अपनी सीमाओं पर सैनिकों और सैन्य उपकरणों की तैनाती कम करने पर सहमति जताई थी। फिर भी, कुछ महीनों बाद जम्मू-कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण करगिल युद्ध हुआ। पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ मनाने के बीच शरीफ ने कहा, राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण करने से रोकने के लिए पांच अरब डॉलर की पेशकश की थी लेकिन मैंने इनकार कर दिया। अगर (पूर्व प्रधानमंत्री) इमरान खान जैसे व्यक्ति मेरी सीट पर होते तो उन्होंने क्लिंटन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया होता।

### झूठे मामले में फंसाया था

नवाज शरीफ ने कहा कि उन्हें 2017 में पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश साकिब निसार द्वारा झूठे मामले में फंसाकर प्रधानमंत्री पद से हटाया गया। शरीफ ने कहा कि उनके खिलाफ सारे मामले झूठे थे, जबकि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के पर लगे सारे आरोप सही हैं। तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ ब्रिटेन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाक लौटे थे।

## HC ने सीबीआई कोर्ट का फैसला पलटा

# गुरमीत राम रहीम हत्या के मामले में बरी

**एजेंसी | चंडीगढ़**

बहुचर्चित रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत राम रहीम को दोष मुक्त करार दिया है। इस मामले में सीबीआई की अदालत ने राम रहीम को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी। राम रहीम ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने चार अन्य आरोपियों को भी बरी किया है। 22 साल पहले 10 जुलाई 2002 को सिरसा डेरे के प्रबंधक रणजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच 2003 में सीबीआई को सौंपी गई थी। सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम समेत पांच लोगों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। जिसके बाद सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम समेत सभी पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया और उम्र कैद की सजा सुनाई थी। राम रहीम ने सीबीआई कोर्ट के फैसले के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में अपील की थी।



### बेटा बोला-निराश हूं, पर हार नहीं मानूंगा

राम रहीम को बरी किए जाने पर रणजीत सिंह के बेटे जगसीर ने निराशा जताई। उन्होंने कहा कि फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। सीबीआई कोर्ट ने उन्हें न्याय दिलाया था लेकिन अब हाईकोर्ट ने डेरा मुखी को बरी कर दिया है। यह अन्याय है लेकिन हम हार नहीं मानेंगे।

## भारत-फ्रांस में वार्ता कल, 50 हजार करोड़ आएगी लागत

# नौसेना के लिए खरीदेंगे 26 राफेल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत ने नौसेना के लिए 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी शुरू कर दी है। इस पर भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच 30 मई से वार्ता शुरू होगी। फ्रांस का उच्चस्तरीय दल भारत के दौरे पर आएगा। रक्षा उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि फ्रांस का दल वा अपने भारतीय समकक्षों से मुलाकात करेगा। फ्रांस के दल में उसके रक्षा मंत्रालय और मूल उपकरण निर्माता दासौ एविएशन एवं थेल्स समेत उद्योग जगत के अधिकारी शामिल होंगे। भारतीय



दल में रक्षा खरीद विभाग एवं नौसेना के अधिकारी शामिल होंगे। सरकारी सूत्रों ने बताया कि वे इस वित्त के आखिर तक फ्रांस के साथ वार्ता पूरी करके समझौते पर हस्ताक्षर करने का प्रयास करेंगे। भारतीय नौसेना के दो विमान वाहक पोतों आईएनएस विक्रांत एवं आइएनएस विक्रमादित्य के लिए 26 राफेल विमान खरीदने के लिए भारत की निविदा पर फ्रांस ने दिसंबर में ही अपना जवाब दाखिल कर दिया था। भारत ने फ्रांस की बोली (बिड) का विस्तृत अध्ययन किया है जिसमें विमान की कीमत एवं अनुबंध के अन्य विवरण शामिल हैं। भारत अब फ्रांस सरकार के साथ सौदे के लिए कड़ी बातचीत करेगा क्योंकि यह सरकार से सरकार के बीच अनुबंध है। नौसेना प्रमुख ने अपनी टीम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि परियोजना के लिए आवश्यक समयसीमा में काफी कमी लाई जाए, ताकि विमानों को यथाशीघ्र नौसेना में शामिल किया जा सके।

## मानव तस्करी मामले में 15 जगह छापे, 5 लोग गिरफ्तार

# झूठे वादे कर युवाओं को भेजते थे विदेश

**एजेंसी | नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को मानव तस्करी और साइबर फ्रॉड से जुड़े मामले में कई राज्यों में छापेमारी की। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर की गई इस छापेमारी में एनआईए की टीम ने इंटरनेशनल ह्यूमन ट्रैफिकिंग और साइबर फ्रॉड से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एनआईए कहा कि आरोपी भारतीय युवाओं को रोजगार के झूठे वादे पर विदेश ले जा रहे थे। यहां से युवाओं को ले जाकर मुख्य रूप से विदेशी नागरिकों की ओर से नियंत्रित और संचालित रैकेट के हिस्से के रूप में गोल्डन ट्रायंगल स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड), लाओस




और कंबोडिया सहित अन्य स्थानों पर फर्जी कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था।

### मिले कई डिवाइस और डॉक्युमेंट्स

छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से कई डॉक्युमेंट्स, डिजिटल डिवाइस, हैंडराइटिंग रजिस्टर, कई पासपोर्ट और फर्जी विदेशी एंप्लॉइमेंट लेटर सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं. एनआईए का कहना है कि अलग-अलग राज्य/केंद्रशासित प्रदेश पुलिस बलों की ओर से 8 नई एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी थाईलैंड, कंबोडिया और वियतनाम से लाओस एसईजेड तक भारतीय युवाओं को अवैध रूप से सीमा पार करने की सुविधा प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से सक्रिय तस्करों के साथ कॉर्डिनेट कर रहे थे। एनआईए की जांच से पता चला है कि आरोपी एक संगठित तस्करी सिंडिकेट में शामिल थे जो रोजगार के झूठे वादे पर भारतीय युवाओं को लुभाने और विदेशों में तस्करी करने में लगे हुए थे।

## 19 लाख करोड़ रुपए की लागत से बदलेगी सड़क परिवहन की तस्वीर

# सुपर एक्सप्रेस-वे की तैयारी, 40% तक बचेगा ईंधन

**एजेंसी | नई दिल्ली**

नई सरकार के गठन से पहले सड़क परिवहन मंत्रालय ने विजन-2047 के मास्टर प्लान में देश में नए सुपर एक्सप्रेस-वे बनाने का खाका तैयार किया है। इसके अलावा मास्टर प्लान में देश के पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण भाग में जाने के लिए एक्सेस कंट्रोल हाई स्पीड कॉरिडोर का जाल बिछाया जाएगा। मास्टर प्लान में देशभर में सुपर एक्सप्रेस-वे और हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण के लिए 19 लाख करोड़ रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।

नए सुपर एक्सप्रेस-वे से सड़क यात्रियों के सफर में 45-



50 फीसदी और निर्बाध यातायात मिलने से ईंधन की खपत में 35-40 फीसदी की बचत होगी। इनकी विशेषता यह होगी कि नए सुपर एक्सप्रेस-वे और एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर टोल प्लाजा मुक्त होंगे एवं जीपीएस आधारित टोल टैक्स वसूली होगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विजन-2047 के मास्टर प्लान में सिर्फ चार लेन, छह लेन, आठ लेन और 10 लेन के एक्सेस कंट्रोल हाई स्पीड कॉरिडोर और सुपर एक्सप्रेस-वे बनाने का प्रावधान है।

मंत्रालय के मुताबिक, एक्सप्रेस-वे की चौड़ाई 90-100 मीटर और कॉरिडोर की चौड़ाई 70 मीटर होगी। हाई स्पीड कॉरिडोर के एलाइनमेंट इस प्रकार रखे जाएंगे, जिससे 200-200 किलोमीटर के ग्रिड बन जाएं। इससे सड़क यात्री देश के किसी भी शहर से 100-130 किलोमीटर की दूरी तय कर उक्त हाई स्पीड कॉरिडोर पर लंबी दूरी का सफर तय कर सकें।

### अधिकतम रफ्तार होगी 120 किमी प्रतिघंटा

सुपर एक्सप्रेस-वे पर अधिकतम रफ्तार 120 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और हाई स्पीड कॉरिडोर पर वाहन अधिकतम 100 किलोमीटर की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे, जिससे एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की औसतन रफ्तार लगभग 90 से 100 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी, जबकि कॉरिडोर पर लगभग 70 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार हासिल की जा सकेगी।

### वर्तमान में है 4,000 किमी हाई स्पीड कॉरिडोर

वर्तमान में देशभर में चार हजार किमी हाई स्पीड कॉरिडोर हैं, जबकि छह हजार किमी हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माणाधीन हैं। मास्टर प्लान में वर्ष 2037 तक 49 हजार किमी से अधिक हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**इन राज्यों को होगा फायदा**

सुपर एक्सप्रेस वे का विशेष जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों के सुदूर क्षेत्र के निवासियों को होगा। हाई स्पीड कॉरिडोर और एक्सप्रेस-वे पर 40-60 किमी की दूरी पर यात्री सुविधा केंद्र होंगे।

## पूर्व DCP राधाकृष्ण राव का दावा

# केसीआर चाहते थे BJP नेता बीएल संतोष की गिरफ्तारी

**एजेंसी | हैदराबाद**

तेलंगाना के पूर्व सीएम चंद्रशेखर राव बीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले को भाजपा के खिलाफ इस्तेमाल करना चाहते थे, ताकि अपनी बेटी के. कविता को दिल्ली शराब घोटाले में राहत दिलाने के लिए भाजपा से समझौता कर सके। फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व डिप्टी कमिश्नर राधाकृष्ण राव ने यह स्वीकार किया है।

राव ने आरोप लगाया है कि केसीआर सरकार सरकार ने विपक्षी दलों के नेताओं के फोन पर बातचीत की निगरानी के लिए पुलिस मशीनरी का इस्तेमाल किया था। राव ने कहा, पेद्दायाना (केसीआर के लिए इस्तेमाल किया गया नाम) चाहते थे कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष को बीआरएस विधायकों की खरीद के मामले में गिरफ्तार किया जाए। इसके लिए एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था।

### जेल में बंद है कविता

के. कविता दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद हैं। पूर्व डीसीपी राधाकृष्ण राव को बीते मार्च में फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने मामले से जुड़े कुछ कंप्यूटर सिस्टम और आंकड़े को खत्म किया। हालांकि, बीआरएस ने आरोपों को खारिज कर दिया है।

## फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की महिला मेंबर्स ने साझा किए विचार

# आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने को वित्तीय साक्षरता पर चर्चा

**बेधड़क.जयपुर।** लेडीज ने मिलकर वित्तीय साक्षरता पर बात की। साथ ही कई विचार साझा किए गए। मौका था फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की ओर से बनीपर्क स्थित एक होटल में जमीनी स्तर पर महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर सत्र का। जयपुर चैप्टर के चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में हुए सत्र का संचालन नितिन कुमार ने किया। पोद्दार ने बताया कि यह पहल डिजिटल साक्षरता अभियान का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आवश्यक वित्तीय ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाना है, ताकि आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिले। इस मौके पर नितिन कुमार ने वित्तीय प्रबंधन के बारे में बुनियादी शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं को वित्तीय परिदृश्य को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने के लिए आवश्यक उपकरणों से अवगत कराया।



### 50 महिलाओं ने लिया हिस्सा

सत्र में 50 महिलाओं ने भाग लिया, जिसका भाषण वित्तीय विशेषज्ञ नितिन कुमार ने किया। सत्र में वित्तीय साक्षरता के महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया, जिनमें पेटीएम जैसे डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म का परिचय और डिजिटल खातों के प्रबंधन की मूल बातें, बचत सुरक्षित करना-छोटी मात्रा में पैसे सुरक्षित रूप से कहां और कैसे बचाएं, पर मार्गदर्शन और धोखाधड़ी जागरूकता- उपस्थित लोगों को वित्तीय धोखाधड़ी, उच्च-ब्याज ऋण और चिट फंड जैसे घोटालों से सुरक्षित रहने के बारे में शिक्षित किया गया। साथ ही सरकारी वित्तीय योजनाओं जैसे महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाओं और उनसे लाभ कैसे प्राप्त करें, सुकन्या समृद्धि योजना और छोटे व्यवसायों के लिए प्रधान मंत्री मुद्रा योजना की जानकारी दी गई।



### सावी-द ब्लडी हाउसवाइफ का आयोजन

साथ ही लेडज के लिए 'सावी-द ब्लडी हाउसवाइफ' की स्क्रीनिंग की गई। ईपी मिराज सिनेमा में हुए आयोजन में फिल्म में एक साधारण महिला की कहानी दिखाई गई। स्क्रीनिंग में सिनेमा प्रेमियों, फिक्की एफएलओ जयपुर चैप्टर के सदस्यों और उद्योग पेशेवरों के विविध दर्शकों ने भाग लिया। कार्यक्रम सामाजिक परिवर्तन लाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने में सिनेमा के प्रभाव का प्रमाण था।

### 100 से ज्यादा युवाओं को बनाएंगे सशक्त

वहीं 'स्वावलंबन' फिक्की एफएलओ जयपुर चैप्टर और उद्भव विजन फाउंडेशन की ओर से शुरू किया गया। दृष्टिबाधित व्यक्तियों को आवश्यक कौशल और शिक्षा प्रदान देने के मोटिव से डिजिटल प्रयोगशालाओं के लिए डेस्कटॉप कंप्यूटर्स दान से पहल का लक्ष्य 100 से अधिक विशेष शिक्षार्थियों को सशक्त बनाना है। उन्हें डिजिटल दुनिया को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने के लिए आवश्यक उपकरणों और संसाधनों से लैस करना है। इसके लिए डॉटस्क्वायर की रीचा चंद्रा ने डेस्कटॉप कंप्यूटर का दान किया। दृष्टिबाधित शिक्षार्थियों के लिए डिजिटल लैब स्थापित करने में भूमिका निभाएगा।

## मानस चेतीका सुना रही कथा



**बेधड़क. जयपुर।** मांगियावास मानसरोवर स्थित विक्टोरिया पैलेस में श्री राम कथा का मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने दीप प्रज्वलन व आरती कर शुभारंभ किया। राम कथा का आयोजन 4 जून तक शाम 5 से 8 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम महंत स्वामी नारायणाचार्य महाराज अयोध्या धाम के तत्वाधान में किया जा रहा है। कथा वाचिका रामभद्राचार्य महाराज की शिष्या मानस चेतीका वैदिही सुरभि (चित्रकूट धाम) द्वारा किया जा रहा है। आयोजन मनोज आर्य, संजीव गोठवाल, चित्रित गुप्ता, परेश गुप्ता, तपन काला ने किया है।

## जयपुर को चैस की मेजबानी

**बेधड़क. जयपुर।** वाइब्रेंट सिटी जयपुर 6 साल के बाद एक बार फिर चैस के इंटेलेक्चुअल के लिए तैयार है। फर्स्ट जयपुर ओपन क्लासिकल एफआईडआई रेटिंग चैस टूर्नामेंट का आयोजन 29 मई से 2 जून तक दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस-वे स्थिति होटल अमर पैलेस में किया जाएगा। टूर्नामेंट आयोजन सचिव जयेंद्र जयचतुर्वेदी ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन बुधवार सुबह 9 बजे किया जाएगा। टूर्नामेंट में देश से लगभग 500 से अधिक पार्टिसिपेंट्स भाग लेंगे। 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी हैं और उनकी उम्र 5 से 85 साल है। कुल 66 कैश पुरस्कार व 20 ट्रॉफियां दी जाएंगी।

## वॉर 2 में एक्शन प्रिंस की एंट्री



**बेधड़क. जयपुर।** ऋतिक रोशन की फिल्म 'वॉर2' में जूनियर एनटीआर के बाद अब एक और साउथ के सुपरस्टार की एंट्री होने वाली है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक कन्नड़ फिल्मों की जान रहे एक्टर ध्रुवा सरजा को फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। माना जा रहा है कि वह फिल्म में निगेटिव रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक ऋतिक और जूनियर एनटीआर के अलावा फिल्म में जॉन अब्राहम, कियारा आडवाणी और शबी अलहूवालिया भी नजर आएंगे। जहां एक तरफ ध्रुवा के फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आने की खबर है तो वहीं कुछ सूत्रों का यह भी कहना है कि वह ऋतिक रोशन के भाई का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

## City इवेंट्स

### आज श्रीवल्ली लुटाएगी पुष्पा पर प्यार



**बेधड़क. जयपुर।** पुष्पा 2 का कपल सांग कल सुबह 11:07 बजे रिलीज होगा। इसमें पुष्पा और श्रवल्ली की कैमिस्ट्री देखने को मिलेगी। गाने के बोल हैं 'अंगारों का अंबर सा लगता है मेरा सावी'। यह पुष्पा 2 का सेकंड सिंगल सांग है। पहला सांग पुष्पा, पुप्पा-पुष्पाराज था, जिसे जबरदस्त रेस्पांस मिला था। इसके चाय, जूते और चश्मे वाले हुक स्टेप काफी पोपुलर हुए। पुष्पा 2 : द रूल अल्लू अर्जुन की पिछली हिट फिल्म पुष्पा का सीक्वल है, यानी कि जहां पुष्पा खत्म होती है यह उसके आगे की कहानी है। इसका डायरेक्शन सुकुमार ने किया है। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होगी।

### गणेशजी की जल विहार झांकी आज

**बेधड़क. जयपुर।** चांदपोल के परकोटा गणेश मंदिर में बुधवार को महंत राहुल शर्मा के सान्निध्य में प्रथम पूज्य की नौका विहार और जल विहार झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर को मोगरे के फूलों से सजाया जाएगा। भगवान भक्तों को फूल बंगले में दर्शन देंगे। युवाचार्य अमित शर्मा ने बताया कि सुबह गणेशजी महाराज का ऋतु फलों के रस से अभिषेक कर नवीन चोला धारण कराया जाएगा। पोशाक धारण कराकर भगवान को ठंडी तासीर वाले फलों का भोग लगाया जाएगा।

### चौथे दिन कमजोर पड़े भैया जी



**बेधड़क. जयपुर।** मनोज बाजपेयी की शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई फिल्म 'भैया जी' की कमाई में सोमवार को भारी गिरावट आई। मूवी ने जहां रविवार को इस फिल्म ने 2 करोड़ 40 लाख रुपए कमाए थे, वहीं सोमवार को इसका कलेक्शन मात्र 88 लाख रुपए रहा। सोमवार को इसकी ऑक्यूपेंसी 8.79% रही। 4 दिनों में इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 6 करोड़ 73 लाख रुपए हो चुका है। यह मनोज बाजपेयी की सौंवी फिल्म है।

## चांदी के फव्वारे से पहुंचाई जा रही है ठंडक

# ठाकुरजी ने पहनी सूती धोती चंदन लगा किया जल विहार



**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में पारा 45 डिग्री पार पहुंच चुका है। गर्मी से मनुष्य और जानवरों की हालत खराब हो ही रही है। ऐसे में भगवान गोविंददेवजी को गर्मी महसूस नहीं हो इसके लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। भीषण गर्मी में मंदिर में ठाकुरजी को चशंदी के फव्वारे से ठंडक पहुंचाई जा रही है। आराध्य गोविंद देवजी को मंदिर में जल विहार कराया गया।

गर्भगृह में ठाकुरजी को रियासत कालीन चांदी का फव्वारा लगाकर शीतलता प्रदान की गई। इस दौरान ठाकुरजी को सूती धोती धारण कराई गई। तरबूज, आम, जामुन, फालसे का भोग लगाया गया। खस और गुलाब का शरबत भगवान को अर्पित किया गया। मंदिर प्रवता मानस गोस्वामी ने बताया कि ठाकुरजी को मैसूर और दूसरी जगह से मंगाया गए विशेष चंदन का लेप किया गया। अब 1-2 जून, 5-6 जून, 8 जून, 11 जून, 16 जून, 18 जून, 21-22 जून को जल यात्रा उत्सव के तहत जल विहार की झांकी सजाई जाएगी।

## बाल संस्कार और सिलाई केंद्रों का वार्षिक उत्सव मनाया

# गीत, कविता, भजन, नृत्य की प्रस्तुतियों से महका माहौल



**बेधड़क | जयपुर**

सेवा भारती समिति सांगानेर द्वारा संचालित बाल संस्कार व सिलाई केंद्रों का वार्षिक उत्सव बीटू बाईपास स्थित अम्बेडकर कॉलोनी में मनाया गया। बालक-बालिकाओं ने गीत, कविता, भजन, नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां देकर भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले 72 बालक-बालिकाओं को मां सरस्वती का चित्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वरिष्ठ प्रचारक व सेवा भारती प्रांत मंत्री मूल चन्द सोनी, द्वारका प्रसाद, सेवा भारती के प्रांत मंत्री गिरधारी लाल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोतम शर्मा ने की। सेवा भारती सांगानेर जिलाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा व मंत्री प्रदीप कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। गौरतलब है सेवा भारती की ओर से बस्तियों में शिक्षा व संस्कार देने के साथ-साथ किशोरियों तथा महिलाओं को सिलाई सिखाई जाती है। यह सारा कार्य निःशुल्क किया जाता है।

**धार्मिक शिक्षण** | 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में चल रहे शिविरों का समापन आज

# शिक्षण शिविरों में हुई परीक्षाओं में बही धर्म की गंगा

**बेधड़क | जयपुर**

आचार्य विद्या सागर महाराज के शिष्य निर्यापक श्रमण सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से संचालित श्रमण संस्कृति संस्थान के तहत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय व अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में शिक्षा दी गई। मंगलवार को सभी शिविरों में परीक्षा आयोजित की गई। संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्री शीला डोड्या ने बताया कि शिविरों में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के 8 विद्वान व संत सुधा सागर महिला महाविद्यालय की 69 विदूषी बहनों और स्थानीय 212 महिला पुरुषों ने पूजन प्रशिक्षण, जैन धर्म शिक्षा भाग 1-2, छः ढाला, तत्वार्थ सूत्र, भक्तामर स्तोत्र 'द्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, रत्नकरण्डक श्रावकाचार आदि का पठन मनन व व्याख्या व अनेक धार्मिक गति विधियों द्वारा जैन धर्म का शिक्षण दिया गया।



### आज किया जाएगा सम्मानित

श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की अंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल के मुताबिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय मंदिर कमेटियों द्वारा बुधवार को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर आचार्य विद्या सागर महाराज पर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रचार प्रसार संयोजक पदम चन्द बिलाला ने बताया कि जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में होने वाले समापन समारोह में शीला डोड्या मुख्य अतिथि होंगी। हर मंदिर से हर विषय में प्रथम आने वाले प्रशिक्षणार्थियों की पुनः परीक्षा गुरुवार को संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय में पं रतन लाल बैनाडा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार हेतु होगी।

### तीन श्रेष्ठ मंदिरों को किया जाएगा पुरस्कृत

हर शिविर स्थल पर बुधवार को होने वाली आचार्य विद्या सागर महाराज के जीवन से संबंधित विषयों अथवा संस्मरणों पर 10 मिनट की प्रस्तुति में से सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को व तीन श्रेष्ठ मंदिरों को बिड़ला आडिटोरियम में 1 जून को पुरस्कृत किया जाएगा। शिविरों में बाल बोध मौखिक, बाल बोध प्रथम भाग, बाल बोध द्वितीय, तृतीय भाग, सिद्धांत प्रवेशिका भाग-2, छहढाला की कक्षा, इष्टोपदेश की कक्षा तत्वार्थ सूत्र की कक्षाए संचालित की गईं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25
न्यूज़ बेधड़क
सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 29 मई, 2024


सत्य को पाना कठिन है, पाकर सुरक्षित रखना और भी कठिन है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



इजराइली हमले से 45 शरणार्थियों की मौत के बाद मचा बवाल

# हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन... दूतावास को घेरा

**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा के रफाह शहर में इजराइली हमले के दौरान फिलिस्तीनी शरणार्थियों का एक टेंट भी निशाना बन गया, जिसमें 45 लोगों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर इजराइल निशाने पर है और एक बार फिर से दुनिया भर में उसके खिलाफ प्रदर्शन होने लगे हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस मामले में गलती मानी है और घटना को दुखद बताया है। इस बीच पेरिस में इजराइल के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ। फ्रांस की राजधानी में स्थित फ्रांस के दूतावास को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया। करीब 10 हजार लोगों ने उसके दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। इन लोगों के पास में फिलिस्तीनी झंडे थे और ये लोग इजराइल एवं बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। इन लोगों ने फ्री गाजा, हम भी गाजा के बच्चे हैं जैसे नारे लगाए।



## नेतन्याहू ने जताया अफसोस

इजराइल के लिए मुश्किल वाली बात यह है कि भले ही उसके साथ अमेरिका और ब्रिटेन पूरी ताकत से खड़े हैं, लेकिन कई यूरोपीय देशों में भी उसके खिलाफ तीव्र विरोध दिख रहा है। जर्मनी, फ्रांस, स्पेन जैसे देशों में उसके लिए मुश्किल खड़ी हो रही है। यहां इजराइल के खिलाफ आंदोलन तेज हैं और सरकारें भी खिलाफ जा रही हैं। पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ही मैड्रिड और बार्सिलोना में भी आंदोलन हुए। बता दें कि इजराइल में 45 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की घटना को इजराइल ने हमला नहीं बल्कि हादसा करार दिया है। इजराइल का कहना है कि हमसे गलती हुई है, लेकिन यह हमला नहीं बल्कि हादसा था।



## 'आतंक अब खत्म होना चाहिए'

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने इजराइली सेना के रफाह शहर में किए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हमले में कई बेगुनाह नागरिक मारे गए, जो सिर्फ युद्ध से बचने के लिए शरण लिए हुए थे। उन्होंने कहा कि अब ये आतंक खत्म होना चाहिए। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने लिखा 'मैं इजराइल की कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें कई बेगुनाह आम नागरिक मारे गए, जो सिर्फ युद्ध के हालात में शरण लिए हुए थे। गाजा में अब कोई जगह सुरक्षित नहीं है और अब ये आतंक बंद होना चाहिए।'

## छह वर्ष बाद PML-N के अध्यक्ष बने नवाज शरीफ

**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ को लाहौर में मंगलवार को पार्टी के चुनाव में पीएमएल-एन अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुन लिया गया है। पार्टी चुनाव में नवाज के खिलाफ किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था। पनामा पेपर मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उन्हें ये पद गंवाना पड़ा था। पीएमएल-एन के मुख्य चुनाव आयुक्त राणा सनाउल्लाह ने इस बारे में मंगलवार को एक अधिसूचना जारी की। इसके बाद पीएमएल-एन जनरल काउंसिल की बैठक में नवाज शरीफ के राष्ट्रपति पद पर मुहर लगाई जाएगी।

## ब्रिटेन में फिर शुरू होगी अनिवार्य सैन्य सेवा

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन में 65 साल बाद फिर से अनिवार्य सैन्य सेवा को लागू करने की योजना का ऐलान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने किया है। यह घोषणा आगामी आम चुनावों से पहले की गई है, जिसमें सुनक ने कहा कि अगर उनकी कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता में आती है तो 18 साल के सभी युवाओं के लिए 12 महीने की अनिवार्य सैन्य सेवा लागू की जाएगी। ब्रिटेन में 1949 से 1960 तक 17 से 21 साल के युवाओं के लिए 18 महीने की अनिवार्य सैन्य सेवा लागू थी। इसे 1960 में समाप्त कर दिया गया था।

ब्रिटिश वैज्ञानिक सर पैट्रिक वालेंस ने दी चेतावनी, कहा...

# फिर आएगी कोरोना जैसी महामारी, दुनिया तैयार नहीं

**एजेंसी** | लंदन

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने कोविड-19 के मद्देनजर अगली महामारी से निपटने के लिए अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। WHO ने वैश्विक तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से सदस्य देशों के मंत्रियों और अन्य शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ अपनी वार्षिक बैठक की।

इस बीच एक दिग्गज ब्रिटिश वैज्ञानिक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा है कि अगली महामारी सिर पर हैं और उसे टाला नहीं जा सकता है। ब्रिटेन के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार सर पैट्रिक वालेंस ने चेतावनी दी है कि एक और महामारी का आना निश्चित है और सरकार को अभी से उसके लिए तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए। वालेंस ने ब्रिटेन के आगामी संसदीय चुनाव को ध्यान में रखते हुए कहा कि जो भी अगली सरकार आए उसे महत्वपूर्ण मुद्दों को निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

वालेंस ने कहा कि किसी भी उभरते हुए खतरे को जल्द से जल्द पहचानने के लिए हमें बेहतर निगरानी तंत्र स्थापित करना होगा। उन्होंने 2021 में जी-7 नेताओं को अपना संदेश दोहराते हुए त्वरित प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर दिया। वालेंस का मानना है कि अगर किसी बीमारी को हम पहले से पहचान लेंगे तो टीके और उपचार के जरिए उसे रोका जा सकता है।



### ऐसे कम होगा खतरा

पैट्रिक वालेंस ने बताया कि उन्होंने 2021 में G7 देशों के नेताओं की बैठक में कहा था कि महामारी के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। इसके लिए हमें तेजी से रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट, रैपिड वैक्सीन और रैपिड ट्रीटमेंट करने होंगे ताकि खतरे को कम किया जा सके। वालेंस ने अफसोस जताते हुए कहा कि 2023 तक G7 ने उनकी उस सलाह को भुला दिया। उन्होंने कहा कि इसे भुलाया नहीं जा सकता। इस महामारी से युद्ध की तरह ही निपटा जाना चाहिए और इससे निपटने के लिए हमेशा तैयारी रखनी चाहिए। पैट्रिक ने कहा कि महामारी के इस मुद्दे को भुलाया नहीं जाना चाहिए। अगर G7 और G20 के एजेंडे से यह मुद्दा निकाल दिया जाता है तो हम उसी स्थिति में आ जाएंगे जहां से इस महामारी ने निपटना मुश्किल होगा।

इससे COVID-19 महामारी के दौरान लगाए गए कठोर प्रतिबंधों से बच सकते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हालांकि ये सुधार संभव हैं, लेकिन फिर भी इन सुधारों के लिए महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूख्वा में हुआ सड़क हादसा

# मिनी जीप गड्ढे में गिरी, 8 की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक मिनी जीप के सौ फुट गहरे गड्ढे में जा गिरी। जिससे उसमें बैठी चार महिलाओं और तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार बेले बाबा में एक रिश्तेदार से मिलने के बाद पगोराई जा रहा था। सोमवार को शांगला जिले में यह दुर्घटना हुई। शांगला जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने बताया कि सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हुई। मृतकों में चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। शवों को अलपुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सड़क हादसे में परिवार के सात सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक बच्चे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।







खगोलविदों का अध्ययन

# अंतरिक्ष में दिखेगा नया धूमकेतु A-3

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

इस साल अंतरिक्ष में एक नया अनुभव खगोलविदों देखने को मिलेगा। पूर्ण सूर्य ग्रहण और ऑरोरा बोरेलिस के बाद स्काईगेजर्स के लिए एक नई खगोलीय घटना आ रही है। स्काईगेजर्स को एक दुर्लभ अंतरिक्ष घटना दिखेगी, जिसमें धूमकेतु त्सुचिनशान-एटीएलएएस (सी/2023 ए3) शामिल है। ये रात में अपनी चमक बढ़ाने की प्रक्रिया में है। इस धूमकेतु ए-3 की ऑर्बिट मंगल और बृहस्पति के बीच है। इसे पूरा होने में 80,000 साल लगे और इसे अभी केवल दूरबीन से ही देखा जा सकता है। धूमकेतुओं के बारे में भविष्यवाणी करना आसान नहीं होता है, लेकिन खगोलविदों ने अध्ययन के बाद बताया है कि उन्हें कहां और कैसे देखा जा सकता है।



**बीते साल खोजा था ये धूमकेतु:** वैज्ञानिकों ने बीते साल सूर्य के करीब से गुजरने वाले C/2023 A3 नाम के नए धूमकेतु की खोज की थी। अनुमान के मुताबिक 80,660 साल में यह सूर्य की एक परिक्रमा करता है। इसे पहली बार 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका में एस्टेरॉयड टेरेस्ट्रियल-इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम टेलीस्कोप में देखा गया था। चीन के पर्पल माउंटेन ऑब्जर्वेटरी के खगोलविदों ने 9 जनवरी को इस धूमकेतु की स्वतंत्र रूप से खोज की थी।

यह खगोलीय पिंड अक्टूबर के दौरान चमकदार हो जाएगा और शुक्र ग्रह जितना चमकीला हो जाएगा। इस तरह यह लाखों धूमकेतुओं की मेजबानी करने वाले ऊर्ट क्लाउड नामक पिंड से आने के बाद 'कॉमेट ऑफ ईयर' बन जाएगा। यह 10 अक्टूबर, 2024 को सूर्य के सबसे करीब उड़ान भरेगा और उत्तरी गोलार्ध से दिखाई देगा। ए-3 धूमकेतु को संभवतः अक्टूबर और नवंबर के दौरान नग्न आंखों से देखा जा सकता है।

### अक्टूबर में पृथ्वी के नजदीक से गुजरने की संभावना

यह धूमकेतु 290,664 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हमारे सौरमंडल में यात्रा कर रहा है। 13 अक्टूबर, 2024 को इसके पृथ्वी के करीब से गुजरने की संभावना है। खगोलविदों का अनुमान है कि धूमकेतु हर 80, 660 वर्षों में सूर्य की एक बार परिक्रमा करता है। 28 सितंबर, 2024 को यह सूर्य के सबसे करीब पहुंचेगा। धूमकेतु बर्फ और धूल की बनी चट्टान होती हैं और सूर्य के करीब से गुजरने के दौरान टूटने लगती हैं। अगर धूमकेतु सिंगल पीस में बचा रह जाता है तो पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुजरने के दौरान यह जून, 2024 में दूरबीन से दिखाई दे सकता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl